रोहतक
मंगलवार 20 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 352
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 25.4
न्यून. 3.0

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,246.18 | 324.17 ▼ |
| निफ्टी | 25,585.50 | 108.85 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,48,100/- | 1900/- ▲ |
| चांदी | 3,02,600/- | 10000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.91 | 13 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 63.35 बैरल 1.22% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






# प्रीलिम्स 26 अप्रैल और 27 से 19 जून तक मुख्य परीक्षा

## एचसीएस भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी : अगस्त सितंबर में इंटरव्यू, बदल चुका सिलेबस और पैटर्न



**तैयारी**
मुख्य परीक्षा 600 अंकों की होगी, इसमें सामान्य अध्ययन के 4 पेपर होंगे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने एचसीएस भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार एचसीएस प्रीलिम्स परीक्षा 26 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके बाद 27 से 29 जून तक मुख्य परीक्षा (मेंस) कराई जाएगी। हालांकि, आयोग की ओर से अभी भर्ती को लेकर आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। इसके साथ ही आयोग ने इंटरव्यू के लिए भी अनुमानित समय तय किया है। एचपीएससी के अनुसार अगस्त-सितंबर के दौरान उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए जाएंगे।

### प्रीलिम्स पेपर 400 अंकों का होगा

सरकार ने एचसीएस परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया है। प्रारंभिक परीक्षा अब 400 अंकों की होगी, जिसमें दो वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र शामिल होंगे। मुख्य परीक्षा 600 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य अध्ययन के 4 पेपर होंगे और कुछ वर्णात्मक प्रश्नपत्र शामिल किए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र की अवधि 3 घंटे और 100 अंक तय किए गए हैं। उम्मीदवारों को अब नए पैटर्न के अनुसार ही तैयारी करनी होगी।

# यूएई के राष्ट्रपति के लिए पीएम मोदी ने तोड़ा प्रोटोकॉल, पालम एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

### करीब 105 मिनट तक रुके नाहयान

**नई दिल्ली।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को 105 मिनट के संक्षिप्त दौरे पर भारत आए। वो शाम करीब 4:30 बजे भारत पहुंचे थे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया था। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था कि, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। दोनों नेताओं के बीच ट्रेड और डिफेंस समेत 9 बड़े समझौते हुए।



### ये गिफ्ट दिए

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि यह दौरा छोटा था, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला और कश्मीर की पश्मीना शॉल तेलंगाना में बने चांदी के डिब्बे में रखकर गिफ्ट की।

### राष्ट्रपति की मां के लिए शॉल

मोदी ने राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल तोहफे में दी।

### ये समझौते

- 2032 तक भारत-यूएई व्यापार 200 अरब डॉलर होगा।
- न्यूक्लियर एनर्जी में सहयोग, बड़े और छोटे परमाणु रिएक्टर बनाएंगे।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुपर कंप्यूटर पर मिलकर काम करेंगे।
- यूएई भारत में डेटा सेंटर बढ़ाने के लिए निवेश करेगा। डेटा एंबेसी बनेगी।
- स्पेस सेक्टर में सहयोग- जैसे रॉकेट लॉन्च कॉम्प्लेक्स, सैटेलाइट बनाना, जॉइंट मिशन।
- गुजरात के धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए में यूएई मदद करेगा।
- भारत को हर साल 5 लाख एमटी एलएनजी गैस देगा।
- रक्षा क्षेत्र और फूड एंड एग्रो प्रोडक्ट के व्यापार को आसान बनाएंगे।

# नए शिखर पर चांदी, 10,000 बढ़कर ₹3.02 लाख किलो

## एक माह में 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये हुई कीमत, इस साल 4 लाख तक जा सकते हैं दाम



**इसलिए महंगी**
इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ी
इलेक्ट्रिक व्हीकल में प्रयोग
सप्लाई में कमी
सुरक्षित निवेश

**नई दिल्ली (भाषा)।** चांदी की कीमत नए शिखर पर पहुंच गई हैं। सोमवार को 10,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। यह पहली बार है जब चांदी तीन लाख रुपये के पार गई है। बता दें कि 1 महीने में में चांदी 2 लाख रुपये से 3 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। जानकारों का कहना है कि 2026 में यह 4 लाख रुपये प्रति किलो तक जा सकती है। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### सोना भी चमका

सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग के चलते चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर हांसी में झंडा फहराएंगे मनोहर

**चंडीगढ़।** गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष पंचकूला में ध्वज फहराएंगे।



वहीं, सीएम नायब सैनी गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल नवगठित जिले हांसी में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी कुरुक्षेत्र, श्रुति चौधरी जींद, आरती राव फरीदाबाद और कृष्णलाल पंवार पानीपत में ध्वज फहराएंगे। हरिभूमि न्यूज

### आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। किश्तवाड़ में दूसरे दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है। जंगलों में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 2 से 3 आतंकी छिपे हुए हैं। आतंकियों को पकड़ने के लिए सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कई टीमें इलाके में तैनात हैं। एजेंसी

# दुनिया की सबसे बड़ी14 करोड़ कार्यकर्ताओं की पार्टी भाजपा ने अपना 12वां अध्यक्ष निर्विरोध चुना

*पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण किया ऐलान*

# भाजपा के 'नवीन' अध्यक्ष बने 'नितिन'

- *36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार चुनाव, नवीन आज सुबह 11:30 बजे अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे।*
- *बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। मंगलवार को उनके नाम की औपचारिक घोषणा होगी और वे पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करेंगे। नबीन के लिए 37 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इसके साथ ही भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नितिन नबीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भाजपा के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण हुई। 36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी सम्पन्न हुई। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार तथा वैध पाए गए। इसके साथ ही नबीन को दुनिया की सबसे बड़ी करीब 14 करोड़ कार्यकर्ताओं की पार्टी भाजपा का 12वां अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया गया।

नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता
•
अब लुटियंस जोन के 3 एकड़ वाले बंगले में रहेंगे नितिन



### 45 साल के नबीन को मोदी शाह का भरोसा भी हासिल

नबीन पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने गए। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है। 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### राजनाथ और शाह भी रहे मौजूद

नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान आदि मौजूद रहे।

### ऐसा होगा नए अध्यक्ष का आवास

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले ही नितिन नबीन को लुटियंस दिल्ली में सरकारी आवास अलॉट कर दिया गया है। उन्हें 9 सुनहरी बाग रोड पर टाइप-8 श्रेणी का बंगला मिला है। दिलचस्प बात यह है कि इसी इलाके में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भी आवास है। राहुल गांधी अब उनके पड़ोसी होंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा का घर भी ज्यादा दूर नहीं है। नितिन नबीन इस बंगले में कभी भी शिफ्ट हो सकते हैं। फिलहाल बंगले में रिनोवेशन का काम चल रहा है। नितिन नबीन को मिला यह टाइप-8 बंगला करीब 3 एकड़ में फैला हुआ है। सफेद रंग का यह विशाल बंगला करीब 8000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में बना है। इसमें 5 बेडरूम, एक बड़ा लिविंग रूम, डाइनिंग एरिया, स्टडी रूम, गैरेज और आगे-पीछे फैला हुआ हरा-भरा लॉन है।

### सोनीपत में 3 दिन में दूसरी बार आया भूकंप

**सोनीपत।** सोनीपत में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.8 रही। भूकंप का केंद्र नॉर्थ दिल्ली रहा, जिसका असर सोनीपत और दिल्ली से सटे हरियाणा के क्षेत्र में दिखा।

**रिक्टर स्केल पर 2.8 तीव्रता और नॉर्थ दिल्ली रहा सेंटर**

प्रारंभिक सूचना के अनुसार सुबह 8:44 बजे नॉर्थ दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भूकंप महसूस किया गया। नेशनल सिस्मोलॉजी सेंटर के अनुसार, इसका केंद्र धरती के पांच किलोमीटर नीचे रहा। तीन दिन पहले भी सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। लोगों ने अपने घरों और दुकानों में तेज झटके महसूस किए और कुछ घबराकर बाहर भी निकल आए थे।

# कोहरे का दंश, यूपी व पंजाब में 13 की मौत, हरियाणा में बारिश संभव

## दृश्यता कम होने से नारनौल में एनएच-148 बी पर दो स्कूल बस भिड़ीं, कई बच्चे घायल, अस्पताल में दाखिल

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** उत्तर भारत में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण हरियाणा-पंजाब और यूपी के कई जगह हुए सड़क हादसे हुए। यूपी और पंजाब में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। घना कोहरा वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना रहा। वहीं, हरियाणा में दृश्यता कम होने की वजह से नारनौल में निजी स्कूलों की दो बसों में टक्कर हो गई। इस हादसे में कई बच्चे घायल हो गए। यह हादसा नांगल नूनिया के पास एनएच-148 बी पर हुआ। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई तथा सैकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने घायल बच्चों को नांगल चौधरी सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ितों को डिस्चार्ज कर दिया है।



### सबसे ठंडा रहा भिवानी

प्रदेश में सोमवार को भी कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। भिवानी न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री के साथ सबसे ठंडा जिला रहा।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

राज्य में 25 जनवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। 3 पश्चिमी विक्षोभ आएंगे। 20 व 21 जनवरी को छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है। 22 से 24 जनवरी को राज्य में कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। 25 जनवरी से ज्यादातर स्थानों पर बारिश होगी।
-डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग हकृवि

# विसंगति सूची वाले करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम करें 'सार्वजनिक'

## बंगाल में एसआईआर पर ईसी को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) को लेकर चर्चा तेज होती ही जा रही है। इसी बीच इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी) की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।



**दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए विशेष कांउटर बनाएं**



# हरियाणवी फनी क्रिएटर 12वीं के छात्र ने दी जान

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)** झज्जर में 12वीं क्लास के छात्र ने सुसाइड कर लिया। उसका शव घर में सीढ़ियों पर मफलर से फंदे पर लटका मिला। परिवार के लोग किसी काम से बाहर गए हुए थे, जब वे वापस आए तो बेटे का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और शव कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचा दिया। लड़का इंस्टाग्राम पर हरियाणवी में फनी वीडियो बनाकर अपलोड करता था। इसके पिता का कहना है कि बेटा पढ़ाई के दबाव के कारण परेशानी में रहता था।

**पीड़ित के पिता बोले- पढ़ाई के दबाव में था**

### घर पर नहीं थे माता-पिता

मृतक की पहचान दूबलधन गांव निवासी पुनीत (17) के तौर पर हुई है। पुनीत के पिता बनी सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करता है। रविवार को वह हरिद्वार गया हुआ था। पत्नी भी किसी काम से अपने मायके गई हुई थी। उसकी मां छोटे भाई के घर पर थी। रात को पुनीत घर पर अकेला था। रात साढ़े 9 बजे दादी आई तो पुनीत घर की सीढ़ियों पर बनी ग्रिल पर मफलर से फंदा लगाए हुए था।

**सर्च अभियान में कुछ नहीं मिला**

# अंबाला में चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** डीसी ऑफिस के बाद अब अंबाला शहर के चार बड़े प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल मिला। यह ईमेल सुबह 8 बजकर 22 मिनट पर प्राप्त हुआ। इससे स्कूल प्रशासन, अभिभावकों और पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया। सेना को भी तैनात किया गया है। ईमेल में दोपहर 2:11 बजे ब्लास्ट की धमकी दी गई थी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। बाद में बच्चों की छुट्टी भी कर दी गई।

**ईमेल के जरिए भेजा गया पत्र, स्कूलों में बच्चों की छुट्टी की**

### इन स्कूलों को भेजा ईमेल

मेल के बाद अब तक तीन प्रमुख स्कूलों के नाम सामने आए हैं, जबकि कुछ अन्य को भी इसी तरह के मेल मिलने की सूचना है। इनमें एसए जैन स्कूल (अंबाला शहर), पुलिस डीएवी रिवरसाइड (अंबाला छावनी) और केंद्रीय विद्यालय नंबर-1 (सैन्य क्षेत्र) में धमकी मिलने की सूचना की पुष्टि हो चुकी है। भेजे गए ईमेल में लिखा है कि 'बम धमाका आज होवेगा, 2:11 बजे, अपने अपने बच्चों को बचाओ।

# अब नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के जरिए ही मिलेगी राशि

## ऑनलाइन करवाना होगा पंजीकरण उपायुक्त को नोडल अधिकारी बनाया

# तीन चरणों में जांच के बाद छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति, रुकेगा फर्जीवाड़ा

*आधार कार्ड के साथ लिंक फोन नंबर पर ओटीपी के माध्यम से भी वेरिफिकेशन होगी। यही नहीं इसके बाद विद्यार्थी द्वारा आनलाइन फार्म भरते हुए इसके साथ ही अपने स्कूल, कालेज, आईटीआई से संबंधित दस्तावेज, फीस का ब्योरा व रसीद भी अपलोड करनी होगी।*

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

छात्रवृत्ति के नाम पर अब कोई फर्जीवाड़ा नहीं हो सकेगा। हाल ही में सरकार ने छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल लांच किया है। इस पर तीन चरण की वेरिफिकेशन के बाद ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए जिला उपायुक्त को नोडल अधिकारी बनाया है। विशेष बात यह है कि नेशनल स्कोलरशिप पोर्टल पर वन टाइम पंजीकरण (ओटीआर) करवाना होता है। इसके माध्यम से ही विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के समय लाइव आधार एंथीटीफिकेशन होगा।

### अब तक कैथल में करीब 5 हजार आवेदन आए

10वीं के बाद आईटीआई या अन्य कोर्स करने वाले अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा पोस्ट मीट्रिक स्कॉलरशिप दी जाती है। इसमें अनुसूचित जाति के विद्यार्थी को 3170 तथा पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी को 5000 रुपये वार्षिक दो वर्ष तक यह भत्ता दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार एनएसपी पोर्टल पर अब तक जिले से करीब 5 हजार आवेदन हो चुके हैं।

**80% उपस्थिति जरूरी :** एनएसपी पोर्टल के नियम व शर्तों के अनुसार भत्ता हासिल करने के लिए विद्यार्थी को अपनी कक्षा या कोर्स में न्यूनतम 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य की गई हैं। पीएमएस के अलावा सरकार द्वारा बीए, एमए, बीटेक, एमटेक व अन्य कोर्स के हिसाब से 3170 से लेकर 80 हजार रुपये तक का भत्ता दिया जाता है।

**2.50 लाख आय निर्धारित :** स्कीम का लाभ लेने वाले विद्यार्थी की पारिवारिक आय 2.50 लाख वार्षिक निर्धारित की गई है।

**ऐसे होगी वेरिफिकेशन :** हली वेरीफिकेशन संबंधित संस्थान का मुखिया करेगा। इसके बाद जिला स्तर का नोडल अधिकारी या उपायुक्त और तीसरी वेरीफिकेशन राज्य स्तर का नोडल अधिकारी करेगा।

### पोर्टल लॉन्च किया



आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि सरकार व विभाग द्वारा नया एनएसपी पोर्टल लांच किया गया है। इसके माध्यम से ही विद्यार्थियों को स्टाइफंड का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई जोर शोर से जारी है। यह विभाग की अच्छी पहल है।

## खबर संक्षेप

### देश के युवाओं को भा रही भाजपा की नीतियां : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही युवाओं के लिए काम करने के लिए बहुत अच्छा स्थान है क्योंकि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के आने के बाद युवाओं में बहुत आकर्षण है और जेन-जी को यह लगता है कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर युवाओं का सम्मान किया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मेरा मानना है जिस पार्टी के अंदर डेमोक्रेसी नहीं है, वो पार्टी देश के प्रजातंत्र की रक्षा नहीं कर सकती है। विज नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

### विद्यार्थियों से संवाद करेंगे इनसो पदाधिकारी

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो जल्द प्रदेशभर के सभी विश्वविद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों के साथ संवाद करेगी और उनकी समस्याएं जानेंगी। साथ ही इनसो प्रदेश में प्रत्यक्ष रूप से छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन चलाएगी। सोमवार को पंचकुला में इनसो नेताओं ने जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के साथ एक प्रदेश स्तरीय स्तरीय बैठक करके युवाओं से जुड़े अनेक गंभीर विषयों पर विचार-विमर्श किया और कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।

### महाराजा दाहिर सेन पर गोष्ठी का आयोजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संस्कृत प्रकोष्ठ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को अकादमी भवन स्थित महाराजा दाहिर सेन सभागार में संस्कृत भाषण प्रतियोगिता एवं वैचारिक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।अकादमी कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित होकर कनेक्ट और कनेक्शन की अवधारणा को सरल शब्दों में समझाया।

### ठेके पर लगे कर्मचारी को पक्का करने की मांग

**चंडीगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आह्वान पर सोमवार को ठेका कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर कर्मियों ने 22 जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों की अखिल भारतीय फेडरेशन आह्वान पर 12 को हड़ताल करने का ऐलान किया। सोमवार को सूबे के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन और नारेबाजी की गई। संघ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नरेश शास्त्री ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है।

---

प्रदेश की डिवीजनों में एक-एक 'त्वरित प्रतिक्रिया टीम' गठित की जाएगी

# क्यूआरटी में भर्ती होंगे अग्निवीर, केंद्र ने मंजूर की बटालियन, 1149 पद होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



प्रदेश में किसी भी संवेदनशील स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य के सभी डिवीजनों में एक-एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) गठित की जाएगी। प्रदेश की पहली हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल में बड़ी संख्या में अग्निवीरों को शामिल किया जाएगा। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बल की स्थापना से जुड़ी प्रगति की समीक्षा करते हुए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया। बैठक में भारत सरकार द्वारा एक डेडिकेटेड एसडीआरएफ स्थापित करने के लिए रखी गई शर्तों की जांच की गई, जिसमें आपदा प्रबंधन के लिए विशेष स्वीकृत पद, डेडिकेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर, विशेष वर्दी और उपकरण तथा वरिष्ठ स्तर का नेतृत्व शामिल हैं। गृह विभाग ने 1149 पदों वाली एक पूरी बटालियन को मंजूरी दे दी है, जिससे हरियाणा को एक मजबूत आधार मिलेगा और वह तेजी से परिचालन करने के लिए तैयार हो जाएगा। अधिकारियों ने मौजूदा आपदा प्रतिक्रिया तंत्र की विस्तृत समीक्षा की और पूरी तरह से सुसज्जित एचएसडीआरएफ की स्थापना की दिशा में रणनीतिक बदलाव पर चर्चा की गई। समीक्षा में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, जनशक्ति की तैनाती, विशेष प्रशिक्षण प्रोटोकॉल और परिचालन तत्परता पर ध्यान केंद्रित किया।

■ प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं पर तुरंत तैनाती की जाएगी

डॉ. मिश्रा ने बैठक के दौरान बताया कि सरकार ने फैसला किया है कि एक नई एसडीआरएफ बटालियन का गठन किया जाएगा जिसमें अधिकतम संख्या अग्निवीरों की होगी।

### संवेदनशील मामलों में तुरंत एक्शन लें एसपीः डीजीपी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने प्रदेश में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डायल-112, पंचकूला सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेशभर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। बैठक के दौरान कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध रोकथाम के लिए ठोस रणनीति अपनाने तथा आमजन को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### नितिन नबीन का नामांकन करवाने पहुंचे सीएम




**चंडीगढ़।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन में शामिल होने के लिए हरियाणा भाजपा के नेताओं की टीम दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंची। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में हरियाणा के 30 वरिष्ठ नेता भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के सभागार में पहुंचकर नामांकन में सम्मिलत हुए।

## बड़ी परियोजनाओं में ड्रेनेज प्लानिंग अनिवार्य : अरोड़ा

■ क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी ने 25 परियोजनाओं का ऑडिट किया

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुसार क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (क्यूएए)-हरियाणा राज्यभर में इंजीनियरिंग अवसंरचना परियोजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के व्यापक दायित्व के साथ कार्य कर रही है। क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी अध्यक्ष राजीव अरोड़ा (सेवानिवृत्त आईएएस) ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप, क्यूएए ने विभिन्न विभागों की प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का दो चरणों में विस्तृत तकनीकी ऑडिट किया है, जिसमें 25 बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

ऑडिट्स का फोकस डिजाइन की पर्याप्तता, डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट के प्रावधानों का अनुपालन, निर्माण गुणवत्ता, अनुबंध प्रबंधन, सुरक्षा पहलू तथा दीर्घकालिक स्थिरता पर रहा। इन ऑडिट्स के आधार पर विस्तृत तकनीकी ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर संबंधित प्रशासनिक विभागों और कार्यान्वयन एजेंसियों को अनुपालन एवं सुधारात्मक कार्रवाई के लिए भेजी गई हैं। क्यूएए को 16 फरवरी, तक विभागों से प्राप्त एक्शन टेकन रिपोर्ट्स (एटीआर) के साथ क्यूएए के स्वतंत्र अवलोकन, टिप्पणियां और सिफारिशों को सम्मिलित करते हुए एक व्यापक समेकित प्रस्तुति तैयार करने का भी दायित्व सौंपा गया है। इस प्रस्तुति में जहां आवश्यक होगा, अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के सुझाव दिए जाएंगे।

---

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का भाजपा पर निशाना

## कर्ज लेकर घी पीने की नीति पर चल रही सरकार, हालत बद से बदतर



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा सरकार चार्वाक की नीति कर्जा लेकर घी पीने का काम कर रही है। वर्ष 2014 में हरियाणा प्रदेश में सिर्फ 70 हजार करोड़ कर्ज था, लेकिन लगातार कर्ज लेकर प्रदेश को पीछे धकलने का काम कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज भाजपा सरकार ने हरियाणा के हालात बद से बदतर कर दिए हैं। स्कूलों में जाएं तो मास्टर नही हैं, अस्तपालों में जाएं तो डॉक्टर नही हैं और कॉलेजों में जाएं तो प्रोफेसर नही हैं। हरियाणा के विश्वविद्यालयों में 50 प्रतिशत मंजूर पद खाली पड़े हैं। इस साल फिर 30 हजार करोड़ कर्ज लिया जा रहा है।

### जिलाध्यक्षों को दी ट्रेनिंग

**कुरुक्षेत्र।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि पंजाबी धर्मशाला में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। एआईसीसी की तरफ से हरियाणा व उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिलाध्यक्षों को पार्टी की नीतियों, पार्टी के इतिहास, देश के संविधान व मनरेगा समेत अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों द्वारा बको ट्रेनिंग दी जा रही है।

## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन शुरू



**चंडीगढ़।** 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) सोमवार को लखनऊ में विधिवत रूप से आरंभ हुआ। सम्मेलन 21 जनवरी तक चलेगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव सहित देश भर से अनेक पीठासीन अधिकारी, विधान सभाओं एवं विधान परिषदों के सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### एनसीआर में प्रदूषण से बुरा हाल : सैलजा



**चंडीगढ़।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 700 से ऊपर खतरनाक स्तर पर पहुंचना केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि केंद्र और राज्यों की सरकारों की प्राथमिकताओं की गंभीर विफलता का प्रमाण है। इस समय न तो पराली जलाई जा रही है और न ही दीपावली जैसे त्यौहार हैं, फिर भी दिल्ली और एनसीआर की हवा जहर बन चुकी है। सांसद और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सैलजा ने एक बयान में यह बात कही। उन्होंने इन हालातों के लिए सरकार की नीतियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सभी जगह भाजपा की सरकारें है।

### *मंडियों में कच्ची पर्ची सिस्टम को चुनौती, रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर*

*चंडीगढ़। हरियाणा की अनाज मंडियों में आढ़तियों द्वारा किसानों को दी जा रही तथाकथित 'कच्ची पर्ची' की व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए इस पूरे सिस्टम को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट दायर की गई है। यह जनहित याचिका डा वीरेंद्र सिंह लाठर द्वारा दायर की गई है, जो भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में जेनेटिक्स एवं साइटोजेनेटिक्स के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक रह चुके हैं। डा लाठर ने याचिका में मांग की है कि किसानों को दी जाने वाली 'कच्ची पर्ची' प्रणाली पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसके स्थान पर अनिवार्य रूप से मुद्रित बिक्री रसीद जारी की जाए। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह समानांतर और अनौपचारिक व्यवस्था न केवल अवैध है, बल्कि इसके जरिए किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम भुगतान कर व्यापक स्तर पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। मामले में सुनवाई 27 जनवरी हो होगी।*



■ किसानों को कम भुगतान का आरोप, 27 को सुनवाई

### *ट्राइसिटी में प्रदूषण का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना*

*चंडीगढ़। ट्राइसिटी चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में वायु गुणवत्ता के लगातार बिगड़ते हालात का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को लेकर एक जनहित याचिका पर दायर कर कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की गई है। याचिका में ट्राइसिटी के लिए एक समन्वित, प्रभावी और समयबद्ध प्रतिक्रिया तंत्र बनाने की मांग की गई है।याचिका में अदालत से आग्रह किया गया है कि ट्राइसिटी-विशिष्ट संयुक्त कार्य समिति का तत्काल गठन किया जाए, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड, चंडीगढ़ प्रदूषण बोर्ड , पंजाब प्रदूषण बोर्ड , हरियाणा प्रदूषण बोर्ड तथा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी शामिल हों। इस समिति को ट्राइसिटी की भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियों के अनुरूप एक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन ब्लूप्रिंट तैयार कर उसे अधिसूचित करने का स्पष्ट जनादेश देने की भी प्रार्थना की गई है। मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग रखी है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक से जुड़ी आपातकालीन ग्रेड प्रतिक्रिया उच्च न्यायालय की निगरानी में लागू की जाए। ताकि लोग प्रदूषण से बच सके।*

■ याचिका में संयुक्त कार्य समिति गठित करने की मांग

### *प्रवासी संपत्ति तय करने का अधिकार सिविल कोर्ट के पास नहीं*

*चंडीगढ़। तीन दशक से अधिक समय तक अलग-अलग अदालतों में घूमते रहे एक विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी संपत्ति को इवेक्यूइ (प्रवासी) संपत्ति माना जाए या नहीं, यह तय करने का अधिकार सिविल अदालतों के पास नहीं है। इस महत्वपूर्ण फैसले के साथ हाईकोर्ट ने वर्ष 1993 से लंबित दूसरी अपील को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं रघुबीर एवं अन्य का दावा था कि विवादित भूमि एक उपभोग अधिकार बंधक के अंतर्गत थी, जिसे उन्होंने वर्ष 1945 में पाकिस्तान चले गए दीदार सिंह के पास गिरवी रखा था। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि इस प्रकार के बंधक को छुड़ाने (रिडीम) की कोई समय-सीमा नहीं होती और इसलिए वे आज भी भूमि के मालिक और कब्जाधारी हैं। उन्होंने निचली अदालतों के उन आदेशों को चुनौती दी थी।*


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आबंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-Int-98543-3-26-1 | ट्रेन संख्या 52451/52, 52453/54, 52455/56, 52457/58 और 52459/60 यानी कुल 05 ट्रेनों में कालका–शिमला सेक्शन में विनाइल स्टिकर और बोर्ड का उपयोग करके कोच के अंदर (प्रति कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) व्यावसायिक विज्ञापन स्थान | 28.01.2026 12.00.00 |
| 2 | MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट–योजना के अनुसार) | 28.01.2026 12.00.00 |

–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये

200/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भौतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई–400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय** : एससीओ नं. 121, सेक्टर–17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर–135003

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिया अब्रोल पत्नी मुनीष अब्रोल (कर्जदार), मुनीष अब्रोल पुत्र राजकुमार अब्रोल (सह–कर्जदार), LHYGR00001460461 | श्रीमती दिया अब्रोल के पक्ष में दस्तावेज नं. 2334 दिनांक 21.06.2022 के अनुरूप नगर निगम यमुनानगर के अंदर मौजा फरकपुर, अब पृथ्वी नगर के रूप में जाना जाता, ब्लॉक–ए, यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट नं. 8 पीपीआईडी नं. 337C527U64, माप 150 वर्गगज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं – पूर्व : साइड 30 फीट और सम्पत्ति दर्शन सिंह, पश्चिम : साइड 30 फीट और गली, उत्तर : साइड 45 फीट और मकान तथा सतपाल सिंह का प्लॉट 7, दक्षिण : साइड 45 फीट और मकान तथा बंता राम का प्लॉट 9 / कब्जे की तिथि : 15.01.2026 | 24-07-2025 रु. 32,04,706.8/- | यमुनानगर |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 20 जनवरी 2026
स्थान : यमुनानगर

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


---

# अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर विमान से पहुंचेंगे राहुल, सड़क से जाएंगे कुरुक्षेत्र

■ कांग्रेस नेता का शेड्यूल तय ■ 21 को प्रशिक्षण शिविर में पांच घंटे तक रहेंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा और उत्तराखंड जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में पार्टी पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को संबोधित करने पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी 21 को कुरुक्षेत्र आ रहे हैं। खास बात यह है कि राहुल गांधी कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की माटी से पार्टी नेताओं के बीच कुल मिलाकर लगभग पांच घंटे तक रहेंगे। राहुल लखनऊ यूपी से सीधे अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन आएंगे जहां से सड़क मार्ग से उन्हें कुरुक्षेत्र ले जाने की तैयारी है। राहुल गांधी की इस यात्रा को लेकर अंबाला से कुरुक्षेत्र तक कड़ी सुरक्षा का पहरा रहेगा। बताया गया है कि 21 जनवरी को लखनऊ से अंबाला छावनी और यहां से सड़क मार्ग से कुरुक्षेत्र में एंट्री होगी। चार से पांच घंटे का वक्त राहुल उत्तराखंड और हरियाणा के जिला अध्यक्षों व पार्टी नेताओं के बीच में समय देंगे।

### पार्टी नेताओं के साथ दोपहर का भोजन करेंगे



शेड्यूल के अनुसार राहुल गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जिला अध्यक्षों के साथ में दोपहर का भोजन भी लेंगे। इससे पहले राहुल गांधी गुजरात, एमपी व बाकी प्रदेशों में भी इस तरह के कार्यक्रमों को संबोधित कर चुके हैं। पार्टी में एकजुटता, एक मंच पर रहने और गुटबाजी, धड़े बंदी, नेता विशेष के लिए काम करने के स्थान पर पार्टी के लिए काम करने का मंत्र भी देंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि कांग्रेस हरियाणा के सारे सियासी दिग्गज चेहरे इस दौरान मौजूद रहेंगे, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र खुद भी सभी को एक मंच पर एकत्र करने का दावा कई बार कर चुके हैं, उसके बाद भी जिलों में खींचतान व गुटबाजी दिखाई दे रही है। हालांकि पीसीसी चीफ ने बैनर, पोस्टर बैठने के प्रोटोकाल, फोटो लगाने सभी को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं, उसके बाद भी गुटबाजी नहीं थम रही है।

### संगठन को मजबूत करने के देंगे मंत्र

यहां पर बता दें कि हरियाणा और उत्तराखंड पार्टी जिला अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर संबोधन में पार्टी को मजबूत करने, गुटबाजी से दूर रहने का संदेश राहुल गांधी पहले भी दे चुके हैं। जिला अध्यक्ष पार्टी के लिए काम करें ना किसी नेता विशेष के लिए यह भी पार्टी हाईकमान चाहता है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस में कईं दिग्गज नेताओं के अपने अपने गुट और धड़े बने हुए हैं। नेता विपक्ष सहित कईं दिग्गज कांग्रेस कुरुक्षेत्र में दोनों राज्यों के जिला अध्यक्षों को संबोधित कर चुके हैं। हरियाणा और उत्तराखंड संगठन को मजबूत बनाने और भाजपा के विरुद्ध आवाज बुलंद रखने की अपील सांसद सैलजा व अन्य नेता कर चुके है।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में हरनोल खेड़ी लखा सिंह रोड से अकबरपुर (आईडी 639) कि.मी. 0.00 से 0.20 तक मौजूदा रोड की शिफ्टिंग। | 15.01.2026 22.01.2026 | 8.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला अस्पताल चरखी दादरी में विशेष मरम्मत (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल)। | 16.01.2026 22.01.2026 | 25.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में रानियां में ग्रामीण न्यायालय में स्तनपान करवाने वाली माताओं के लिए नर्सिंग रूम (ई.आई. आंतरिक का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 16.01.2026 26.01.2026 | 4.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद पानीपत | गांव सींख ब्लॉक इसराना में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 17.01.2026 23.01.2026 | 336.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7027133058 XENZILAPARISHADPANIPAT@GMAI |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | गांव भागवी में 3 अदद सेल्फ-प्राइमिंग इलैक्ट्रिक ड्राइवन एंड सक्शन हॉरिजंटल सेंट्रीफ्यूगल पम्पिंग सैट 150 मिमी × 200 मिमी सहित प्राइम मूवर 40 एचपी, 1440 आरपीएम और 03 अदद डिलीवरी पाइप 8 इंच डाया 20 फीट लम्बा और 3 अदद सक्शन पाइप 6 इंच डाया 20 फीट लम्बा की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 27.01.2026 | 22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रेवाड़ी | राजपुरा खालसा पम्प हाउस पर 1 अदद एमसीसी / एलटी पैनल एवं मोटर्स के साथ-साथ 2 अदद-10 सीएस और 1 अदद 5 सीएस एएफवीटी पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2026 | ईएमडी 4.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01274298963 xenmechrri@gmail. |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में अम्बेडकर भवन में ई.आई. का प्रावधान + 1 कार्य। | 17.01.2026 26.01.2026 | 28.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव ब्रास खुर्द में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव सिंघरा में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव गुनियाना में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव गुल्लारपुर में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना और गांव बस्ताली ब्लॉक निसिंग में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 16.01.2026 26.01.2026 | 65.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव चोर कारसा ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 17.01.2026 28.01.2026 | 286.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.ni |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पोली पैल्लेट्स। | 20.01.2026 03.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. जैनेटिक एनालाइजर / ऑटोमेटेड डीएनए सिक्वेंसर की खरीद, 2. मधुबन के लिए ऑटोमेटेड लिक्विड हैंडलिंग सिस्टम की खरीद। | 20.01.2026 18.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | हरियाणा रोडवेज के डिपुओं में अगले एक वर्ष के लिए ऑयल, लुब्रिकेंट्स, रेडिऐटर कूलेंट्स और ग्रीसेज की खरीद के लिए निविदा सूचना, कुल मूल्य ? 1.80 करोड़ (लगभग)। | 24.01.2026 23.02.2026 | 180 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 13 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों और दस्तावेजों की संवीक्षा और पीएमटी/पीएसटी के दौरान सम्बन्धित टैंट के प्रावधान के लिए ई-निविदा के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 16.01.2026 30.01.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9814301658 hsscresultpublication@gmail.co |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/260/42191/I/88/6 दि. 19.01.26

**खबर संक्षेप**

### बदमाशों ने युवक से रुपये छीने, गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव जाखोदा में एक प्रवासी युवक से छीना झपटी की वारदात हो गई। बाइक सवार दो लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। जोर जबरदस्ती कर वे पीड़ितों से करीब साढ़े हजार रुपये छीन ले गए। हालांकि पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। वारदात मोहित के साथ हुई है। मोहित मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और फिलहाल यहां गांव जाखोदा में रहता है। जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर को वह अपने चचेरे भाई के साथ ठेकेदार के पास जा रहा था। जब गांव की फिरनी पर पहुंचा तो दो बाइक सवार युवकों ने उनको रुकवा लिया। फिर जोर जबरदस्ती कर उनसे साढ़े दस हजार रुपये छीन लिए और चंपत हो गए।

### सेल्समैन के साथ मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-46 की टीम ने पैट्रोल पम्प पर सेल्समेन के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राहुल निवासी फिरोजपुर झिरका ने पुलिस चौकी सेक्टर-46 में शिकायत दी कि दिनांक 11 जनवरी 2026 को रात करीब 11.30 बजे दो युवक स्कूटी पर पैट्रोल पम्प पर आए और पैट्रोल भरवाने के बाद पैसे मांगने पर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे।

### अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं। 18 जनवरी को क्राईम ब्रांच सैंट्रल की टीम ने रूप किशोर उर्फ भोला चौधरी निवासी गांव खेड़ा सत्तू जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल पर्वतीय कॉलोनी को देशी कट्टा सहित चंदीला चौक के पास से गिरफ्तार किया है, वहीं क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने इलियास निवासी नंगला एन्क्लेव पार्ट-1, फरीदाबाद को देशी कट्टा सहित दशहरा ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये हैं और दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया है।

# कस्सी से गला काटकर किसान की हत्या, पड़ोसी गांव की युवती से होने वाला था प्रेम विवाह

## रतिया: खेत में सिंचाई करने गया था जगविंदर, कमरे में खून से सना शव मिला

**मारने के बाद आरोपी ने कमरे पर लगे शटर को भी आधा नीचे कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

क्षेत्र के गांव महमदकी में एक युवक की बेरहमी से हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक के गले पर कस्सी से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। युवक का शव खेत में बने कमरे में खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से लहूलुहान पड़े मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मौके से खून से सनी कस्सी को भी बरामद कर मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक का नजदीकी गांव की एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग था और दोनों का रिश्ता भी तय हो गया था। जल्द ही इनकी शादी होने वाली थी। पुलिस इस ऐंगल से भी मामले की जांच कर रही है।



मृतक जगविंदर



**रतिया।** मौके पर पड़ी खून से सनी कस्सी। फोटो : हरिभूमि

**जगविंदर घर नहीं लौटा तो परिजन खेत में पहुंचे**

गांव महमदगी निवासी 28 वर्षीय जगविंदर सिंह काम के लिए खेत में गया था। उसके बाद वह देर शाम तक वापस घर नहीं लौटा। इस पर परिजनों ने खेत में काम करने वाले सीरी से जगविंदर बारे पूछा। इसके बाद सीरी जगविंदर की तलाशी में खेत में बने कमरे में पहुंचा तो उसके पैरों तले जमीन निकल गई। कमरे में जगविंदर का शव पड़ा था और चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। उसने मौके पर एक कस्सी देखी जोकि खून से सनी हुई थी। इस पर उसने इस बारे युवक के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**वारदात में शामिल लोगों को काबू कर लिया जाएगा**

महमदकी में युवक के मर्डर की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही वारदात में शामिल लोगों को काबू कर लिया जाएगा। **-प्रहलाद राय प्रभारी, थाना सदर रतिया**

**जान-पहचान वाले व्यक्ति ने की हत्या**

मृतक युवक के पिता अवतार सिंह ने आरोप लगाया कि जगविंद्र के किसी जान-पहचान वाले व्यक्ति ने ही वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी ने कमरे के शटर को भी नीचे कर दिया था।

# बुजुर्ग महिला की हत्या कर झाड़ियों फेंका शव

**अर्धनग्न शव मिलने से गलत कृत्य की आशंका परिजन अंतिम संस्कार से इनकार पर अड़े**

**सोनीपत/खरखौदा।** सोनीपत जिले के कुंडली थाना अंतर्गत बारोटा चौकी क्षेत्र से एक बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला का शव खेत के पास ड्रेन किनारे अर्धनग्न अवस्था में मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। शव की स्थिति, वस्त्रों के अस्त-व्यस्त होने और शरीर पर चोटों के निशान मिलने के बाद परिजनों ने महिला के साथ गलत कृत्य किए जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है।

- महिला ड्रेन के पास स्थित खेतों की ओर गई थी, देर शाम तक वापस नहीं लौटी।
- जांच जिम्मेदारी खरखौदा थाना पुलिस को सौंपी गई
- महिला के शव का पोस्टमार्टम खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया, लेकिन अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया।

**वारदात को अंजाम देने वालों को काबू कर लिया जाएगा**

गांव मंडोरा की सीमा में बुजुर्ग का शव मिला है। महिला की हत्या व शव को खुर्द-बुर्द करने की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वारदात को अंजाम देने वालों का जल्द पता लगाकर गिरफ्तार किया जाएगा। **-नरेंद्र कादियान**, डीसीपी क्राइम सोनीपत

# हाइड्रोजन प्लांट में चेन्नई से टीम लौटने पर टेस्टिंग का काम पकड़ेगा जोर

**प्लांट में फायर फाइटिंग सिस्टम का काम हो रहा**

हरिभूमि ▶▶| न्यूज. जींद



हाइड्रोजन प्लांट में चेन्नई से टीम लौटने पर टेस्टिंग का काम तेजी पकड़ेगा। पिछले सप्ताह टीम चेन्नई में त्योहार मनाने गई थी। इस सप्ताह टीम के लौटने की संभावना है। अभी प्लांट में फायर फाइटिंग सिस्टम का काम चल रहा है। यह काम भी इसी सप्ताह पूरा होने की उम्मीद है। वहीं सबमर्सिबल के पानी की रिपोर्ट आने का भी इंतजार है। साथ ही इंजन में भरी गैस को भी खाली किया जा रहा है। प्लांट में टेस्टिंग का काम लगातार जारी है। हाइड्रोजन प्लांट में शुक्रवार को पीसीएमई प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर डिंपी गर्ग टीम के साथ दिल्ली से प्लांट के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कर्मचारियों से हाइड्रोजन प्लांट में आरओ सिस्टम के बारे में भी जानकारी ली थी। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए थे कि प्लांट में आरओ सिस्टम में हर रोज टीडीएस की जांच होनी चाहिए। इसके अलावा पायर फाइटिंग सिस्टम को भी एक सप्ताह तक तैयार करने के निर्देश दिए थे। एक जनवरी को ट्रेन दिल्ली से सोनीपत पहुंच गई थी। इसके बाद लखनऊ से विशेष कोच में केबल का सामान पहुंचा था। ट्रायल के दौरान काफी खामियां आ रही थी।

# पढ़ाई के तनाव में 15 वर्षीय छात्रा ने की खुदकुशी

**महेंद्रगढ़।** दौंगड़ा अहीर की 15 वर्षीय छात्रा ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। छात्रा की माता ने उसकी मौत को लेकर पढ़ाई का डिप्रेशन बताया है। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। छात्रा की माता राधा ने पुलिस को बताया कि वह गांव दौगड़ा अहीर की निवासी है और मेहनत मजदूरी का काम करती है। उसकी चार लड़की है, सबसे छोटी 15 वर्षीय लवली हैं। लवली सरकारी स्कूल दौगड़ा में नौंवी कक्षा की छात्रा थी। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण घर पर ही थी। वह बच्चों के साथ निजी काम को लेकर बाहर चली गई व लवली को घर पर ही छोड़ गई थी। लवली पढ़ाई की वजह से डिप्रेशन में थी। लवली ने घर में बने कमरे में चुन्नी का फंदा बनाकर अपने गले में डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लवली ने यह कदम डिप्रेशन होने की वजह से उठाया है। इसमें किसी का कोई कसूर नहीं है।

**महिला के जरिए गिरोह तक पहुंचे, आधा दर्जन गिरफ्तार**

# नेपाल से 1.20 लाख में मंगवाई मशीन राजस्थान से पकड़ा भ्रूण लिंग जांच गिरोह

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

नागरिक अस्पताल के पीएनडीटी एक्ट से जुड़ी टीम ने भ्रूण लिंग जांच में संलिप्त आधा दर्जन लोगों के गिरोह का भंडाफोड कर उन्हें धर–दबोचने में कामयाबी हासिल की है। भ्रूण जांच करने का सौदा 80 हजार रुपये में तय हुआ था। नेपाल से 1.20 लाख में मंगवाई मशीन से राजस्थान में भ्रूण लिंग जांच करते थे। पकड़े गिरोह में चरखी दादरी के कादमा निवासी विरेंद्र जाट, सतनाली के सुरहेती पिलानियां निवासी सुनील कुमार शर्मा, हमींदपुर (नारनौल) निवासी जितेंद्र राजपूत, कोटपूतली के कंवरपुरा निवासी धर्मबीर यादव, कोटपूतली के ही मोहल्ला बड़ा बास निवासी आनंद जांगिड़ शामिल थे, जिन्हें धर दबोचने के बाद सिटी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इन सभी आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



**नारनौल।** फर्श पर बैठे भ्रूण लिंग जांच में पकड़े गए गिरोह के सदस्य।

**मौके से पवन मुंडिया खेड़ा भी पकड़ा गया**

आरोपित धर्मवीर ने पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से महिला डिकाय के गर्भ में पल रहे भ्रूण की लिंग जांच की और महिला डिकॉय को बताया कि उसके गर्भ में लड़की पल रही है। महिला डिकॉय का इशारा मिलते ही रेडिंग टीम ने मौके से आरोपित धर्मवीर, आनंद व जितेंद्र को दबोच लिया। मौके पर पवन पुत्र मुंशीराम वास मुंडिया खेड़ा कनीना भी मिला, जो अपनी करीब 34 वर्षीय पत्नी को भ्रूण जांच कराने के लिए लेकर आया था। वह करीब पांच माह की गर्भवती थी।

### कार जीतने का झांसा देकर ठगी, आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 ने कार जीतने का झांसा देकर युवक से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमित निवासी जिला नवादा, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 21 मार्च 2021 को पवन पुत्र भरत पाण्डेय निवासी जिला जहानाबाद, बिहार हाल इन्द्रा कॉलोनी बहालगढ़ सोनीपत ने थाना राई में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 11 मार्च 2021 को उसके मोबाइल फोन पर फ्लिपकार्ट की ओर से एक मैसेज आया, जिसमें महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार जीतने की सूचना दी गई। अलग-अलग बहानों से रजिस्ट्रेशन चार्ज, इनकम टैक्स और अन्य शुल्क के नाम पर उससे 6,500 रुपये से लेकर 3,00,000 रुपये तक जमा करवा लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**चीका में बनाई जा रही दुकानों का किराया बढ़ाने का मामला**

# विधायक देवेंद्र हंस ने एसडीएम को झुनझुना थमाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला से कांग्रेसी विधायक देवेंद्र हंस व एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह का बीडीपीओ चीका में बनाई जा रही दुकानों को लेकर उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां विधायक एसडीएम पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे हैं तो वहीं एसडीएम इसे सही बता रहे हैं। बता दें कि मामले में गुहला से कांग्रेसी विधायक देवेंद्र हंस अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में आए तथा एसडीएम से बहस के दौरान उन्होंने एक कार्यकर्ता की जेब से निकालते हुए झुनझुना थमाने का प्रयास किया। विधायक का कहना था कि यदि आप कोई उचित कार्रवाई नहीं कर सकते तो आराम से झुनझुना बजाओ। वहीं, मामले में गुहला के एसडीएम ने विधायक देवेंद्र हंस पर कार्यालय में आकर दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है।



**कैथल।** विधायक देवेंद्र हंस एसडीएम को झुनझुना देने का प्रयास करते हुए ।

**आवश्यक कार्रवाई की जाएगी: एसडीएम**

एसडीएम का कहना है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आज गुहला के विधायक देवेंद्र हंस एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम पर अवैध निर्माण में मिलीभगत का आरोप लगाया। आरोप-प्रत्यारोप के बीच स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब विधायक ने एसडीएम को झुनझुना पकड़ा दिया, जिसे प्रशासनिक मर्यादा के खिलाफ बताया जा रहा है।

# गुरुग्राम में युवकों ने डिलीवरी बॉय पर चढ़ाई स्कॉर्पियो, गंभीर

**गुरुग्राम।** सेक्टर-93 पुलिस चौकी क्षेत्र में काले रंग की एक स्कॉर्पियो में सवार युवक द्वारा फूड डिलीवरी का काम करने वाले युवक को कुचलने का मामला सामने आया है। डिलीवरी बॉय सेक्टर-93 स्थित हयातपुर इलाके में सड़क किनारे खड़े थे। घटना में टिंकू पंवार नाम का एक डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य राइडर्स बाल-बाल बचे। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां से परिजन इलाज के लिए उसे रेवाड़ी ले गए। पुलिस ने आरोपियों की स्कॉर्पियो कार बरामद कर ली है। सोमवार सुबह तक आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज बड़ी संख्या में डिलीवरी बॉय सेक्टर-93 चौकी में पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। डिलीवरी बॉय विक्रम ने बताया कि वे रविवार रात को करीब साढ़े 10 बजे सेक्टर-93 हयातपुर में पिकअप पॉइंट पर ऑर्डर के इंतजार में सड़क किनारे अपनी-अपनी बाइक के पास खड़े थे। अचानक एक काले रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो तेज रफ्तार से आई और राइडर्स को टक्कर मारती हुई आगे चली गई। जब उन्होंने स्कॉर्पियों सवार का विरोध किया तो ड्राइवर कार घुमाकर वापस लाया और जमीन पर गिरे राइडरों पर चढ़ा दी।

- कई युवक बाल बाल बचे, केस दर्ज

**छह सप्ताह में टेंडर जारी करें: हाईकोर्ट**

# करंट लगने से तीन अंग गंवाने वाले युवक को कृत्रिम अंग देने का आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

साल 2011 में करंट लगने की दर्दनाक दुर्घटना में दोनों हाथ और एक पैर गंवाने वाले युवक रमण स्वामी को आखिरकार न्यायिक राहत मिली है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, पंचकूला को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वह रमण को आधुनिक कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए टेंडर जारी करने सहित सभी आवश्यक औपचारिक कदम उठाए और इसकी जानकारी अदालत को दे। पानीपत जिले के सनौली खुर्द गांव निवासी रमण स्वामी महज पांच वर्ष का था, जब 3 नवंबर 2011 को उसके घर की छत के ऊपर से नीचे लटक रही हाई-टेंशन बिजली की तार की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि रमण के दोनों हाथ और बायां पैर काटना पड़ा। बचपन में ही जीवनभर का शारीरिक संघर्ष झेलने को मजबूर हुए रमण के मामले में हाईकोर्ट ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इलाज और पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इससे पहले अगस्त 2025 में पारित अंतरिम आदेश में हाईकोर्ट ने हरियाणा के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज को निर्देश दिया था कि आर्थोपेडिक विशेषज्ञों का एक मेडिकल बोर्ड गठित कर रमण के इलाज के सभी संभावित विकल्पों पर विचार किया जाए।

**हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी, याचिका खारिज**

# डाकू से महान ऋषि बने वाल्मीकि इसमें शर्म कैसी!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भगवान महर्षि वाल्मीकि से जुड़े एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम को लेकर दायर याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जालंधर निवासी हानि बालू द्वारा दाखिल याचिका में कार्यक्रम का वीडियो हटाने, चैनल और एंकर से सार्वजनिक माफी दिलाने तथा केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता से सीधे और कड़े सवाल किए। पीठ ने पूछा कि याचिकाकर्ता इतिहास की बात कर रहा है या पौराणिक कथाओं की। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में टिप्पणी करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से जुड़ी घटनाएं सर्वविदित हैं और यह तो गर्व की बात है कि वे एक डाकू से महान ऋषि बने। अदालत ने सवाल किया कि इसमें शर्म की बात आखिर है क्या। याचिका की गंभीरता पर संदेह जताते हुए अदालत ने कहा कि क्या याचिकाकर्ता सचमुच इस मामले को लेकर गंभीर है या केवल अदालत का समय बर्बाद किया जा रहा है। पीठ ने यह भी चेताया कि यदि आरोप लगाए जा रहे हैं तो उनके समर्थन में ठोस प्रमाण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**निजी वकीलों के साथ भेदभाव मामला**

# अभियोजन सेवा नियमों में संशोधन पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से जवाब तलब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा अभियोजन सेवा नियमों में हाल ही में किए गए संशोधनों को लेकर उठे विवाद पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। सोमवार को पीठ ने प्रारंभिक सुनवाई में ही याचिका में उठाए गए संवैधानिक और वैधानिक प्रश्नों को गंभीर मानते हुए राज्य को लिखित जवाब दाखिल करने के लिए कहा। याचिकाकर्ता प्रदीप कुमार रापड़िया स्वयं अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया कि वह 18 वर्षों से अधिक समय से वकालत कर रहे हैं और इससे पहले हाईकोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश हो चुके हैं। इसके अलावा, वे विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियों में विधि अधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। याचिका में उन्होंने 18 दिसंबर 2025 को अधिसूचित हरियाणा राज्य अभियोजन कानूनी सेवा (संशोधन) नियम, 2025 को चुनौती दी है। साथ ही, 31 दिसंबर 2025 को जारी उस पदोन्नति आदेश पर भी सवाल उठाया गया है, जिसके जरिए कई सेवारत अधिकारियों को अभियोजन के उप निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया। याचिकाकर्ता का मुख्य तर्क है कि राज्य सरकार ने अभियोजन सेवा नियमों में संशोधन कर अधिवक्ताओं का एक अलग और भेदभावपूर्ण वर्ग बना दिया है।

**महिला सहित दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार**

# सिरसा में व्यक्ति को हनीट्रैप में फंसाकर 20 लाख हड़पे, महिला ने फोन कर बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने एक व्यक्ति को ब्लैकमेल कर जबरन वसूली करने के मामले में महिला सहित दो व्यक्तियों को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 9 नवंबर 2025 को शिवकुमार पुत्र श्रीचंद निवासी गली नंबर 4 महावीर कॉलोनी सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब 11 बजे उसके मोबाइल फोन पर पूजा नाम की एक महिला की कॉल आई और कहने लगी की आपका परिचित राजेश कुमार पुत्र कुलदीप निवासी डाटा, जिला हिसार मेरे पास आया हुआ है और उसको आपसे मिलना है, आप सुर्खाब चौक पर आ जाएं। कुछ समय बाद पीड़ित व्यक्ति ने सुर्खाब चौक पर पहुंचकर फोन किया तो महिला ने बताया कि हम ऑटो मार्केट में खड़े हैं। पीड़ित व्यक्ति ने ऑटो मार्केट में पहुंचकर कहा कि राजेश कुमार कहां है तो महिला उसके स्कूटर पर बैठ गई और कहा कि पास के मकान में रहते हैं। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उक्त महिला उसे एक अनजान घर पर ले गई जहां पहले से ही एक महिला मौजूद थी। दूसरी महिला सहित मुझे कमरे में बिठा दिया फिर पीड़ित व्यक्ति ने पूछा कि राजेश कुमार कहां है तो महिला ने कहा कि हम दोनों पहले मस्ती कर लेते हैं इतनी देर में राजेश आ जाएगा।



**सिरसा।** ब्लैकमेल करने के महिला सहित तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

# युवती से गैंगरेप, स्पा मैनेजर और उसके दोस्त पर आरोप

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 थाना एरिया में स्पा सेंटर मैनेजर द्वारा दोस्त के साथ मिलकर एक युवती से गैंग रेप करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले हुडा सिटी सेंटर के पास राह चलते उसकी जोयदेव रॉय नाम के युवक से बातचीत हुई थी। वह मूल रूप से कोलकत्ता का रहने वाला है और सेक्टर-45 में एक स्पा सेंटर में मैनेजर है। शुरुआत में दोस्ती हुई, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। दोनों के बीच मोबाइल पर लंबी बातचीत होती थी। कई बार जोयदेव ने शारीरिक संबंध बनाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन पीड़िता ने मना कर दिया और कहा कि पहले शादी करेंगे। गत 13 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे जोयदेव ने फोन कर कहा कि वे साथ में कुछ खाएंगे और बात करेंगे। वह बाइक पर उसे लेने आ गया। वह पीड़िता को सेक्टर-39 झाड़सा से अपनी बाइक पर सेक्टर-45 स्थित अपने स्पा सेंटर में ले गया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पीड़ित युवती को पिला दी। इसके बाद गैंगरेप किया।

- युवती की शिकायत पर केस दर्ज

**गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय व आईसीएआई के बीच हुआ एमओयू**

# कॉमर्स व अकाउंटेंसी में दोनों संस्थानों को मिलेंगे अच्छे परिणाम : प्रो. नरसी राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली (आईसीएआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह एमओयू नई दिल्ली के ललित होटल में ग्लोबल एजुकेशन समिट ऑन कॉमर्स एंड अकाउंटेंसी (जीईएस-सीए) 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ, जिसमें सम्मानित अतिथि राज्यसभा संसद सदस्य अरुण सिंह तथा आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा उपस्थित रहे। गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय की कॉमर्स शिक्षा एवं लीडरशिप को बदलने के विजन को लेकर उत्साहित हैं, जिसका मकसद 2047 तक भारत को एक ग्लोबल आर्थिक लीडर के तौर पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने टीम को एमओयू हस्ताक्षरित करने पर बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि इससे कॉमर्स और अकाउंटेंसी में दोनों संस्थानों को अच्छे परिणाम मिलेंगे। गुजविप्रौवि प्रो. बिश्नोई के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के साथ तालमेल बिठाते हुए, बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और बीएससी नर्सिंग जैसे इनोवेटिव शैक्षणिक कार्यक्रमों पर फोकस कर रहा है।



**हिसार।** कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद एवं आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा एमओयू का आदान–प्रदान करते हुए।

# भारत में सोने की चमक से घर-घर बढ़ी दौलत, परिवारों की संपत्ति 117 लाख करोड़ बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमतों में तेज उछाल ने साल 2025 में भारतीय परिवारों की संपत्ति को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा दिया।एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 के मुताबिक, बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में करीब 117 लाख करोड़ रुपए यानी लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इस बढ़ी हुई संपत्ति का असर परिवारों की खर्च करने की क्षमता और वित्तीय भरोसे पर भी साफ दिखाई दिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोने की कीमतों में आई तेजी के कारण यह पिछले 25 वर्षों की सबसे बड़ी संपत्ति बढ़ोतरी है। 2025 में 15 दिसंबर तक सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम करीब 57,000 रुपए बढ़ गई। इससे पहले 2024 में भी सोने के दाम 14,000 रुपए प्रति 10 ग्राम चढ़े थे। लगातार दो साल की इस मजबूती ने भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने की कीमत को कई गुना बढ़ा दिया।

■ आंकड़ा एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक 2026 ने जारी किया

## बीते साल भारतीय घरों की कुल संपत्ति में लगभग 1.3 खरब डॉलर की बढ़ोतरी

### बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए

*वैश्विक स्तर पर 2025 में सोना, यूरोप और उभरते बाजारों के शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि ऑयल, अमेरिकी डॉलर और बिटकॉइन जैसे विकल्प कमजोर साबित हुए। कई साल की तेजी के बाद स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में भी गिरावट देखी गई और करीब 30 फीसदी स्मॉल-कैप स्टॉक्स अपने 52 हफ्तों के उच्च स्तर से 30 फीसदी से ज्यादा टूट चुके हैं। एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने कहा है कि नए निवेशकों के लिए हाइब्रिड फंड बेहतर विकल्प हो सकते हैं, जिनमें इक्विटी, डेट और सोने का संतुलित मिश्रण रहता है और जोखिम को संभालना आसान होता है।*



### शेयर बाजार में सुस्ती, सोने ने संभाला मोर्चा

*एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ईयरबुक में कहा गया है कि 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए अपेक्षाकृत कमजोर साल रहा। वैश्विक बाजारों की तुलना में भारत का प्रदर्शन फीका पड़ा, जिससे दुनिया के कुल शेयर बाजार मूल्य में भारत की हिस्सेदारी घट गई। निफ्टी का प्रदर्शन वैश्विक और उभरते बाजारों के मुकाबले करीब 25 फीसदी कमजोर रहा, जो करीब तीन दशक का सबसे खराब प्रदर्शन माना जा रहा है।*

### सोने के बदले लोन में भी इजाफा

सोने की कीमत बढ़ने का एक असर यह भी दिखा कि गोल्ड के बदले लिए जाने वाले रिटेल लोन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। जब सोने की वैल्यू बढ़ती है, तो लोग जरूरत के समय इसे गिरवी रखकर कर्ज लेना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में जब शेयर बाजार स्थिरता के दौर से गुजर रहा था, तब सोना एक भरोसेमंद और सुरक्षित निवेश बनकर उभरा।

## खबर संक्षेप

### भारत कोकिंग कोल का शेयर 97 फीसदी बढ़क सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 23 रुपये से 96.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 45.21 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 96.56 प्रतिशत अधिक था।

### टेक महिंद्रा का लाभ बढ़कर 1,122 करोड़ रुपए



**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 14.11 प्रतिशत बढ़कर 1,122 करोड़ रुपये रहा। महिंद्रा समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसने 983.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### बीएचईएल का लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 390.40 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई। 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 134.70 करोड़ रुपये रहा था।

चीन और इंडोनेशिया की कतार में भारत होगा शामिल

# भारत वर्ष 2030 तक बन सकता है उच्च मध्यम आय वाला देशः एसबीआई रिसर्च

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत वर्ष 2030 तक 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनकर चीन एवं इंडोनेशिया की कतार में शामिल हो जाएगा और यह 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भी अग्रसर है।

सोमवार को एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के आधार पर देशों का वर्गीकरण निम्न आय, निम्न-मध्यम आय, उच्च-मध्यम आय और उच्च आय वाले देशों के रूप में करता है। वर्ष 1990 में विश्व बैंक के इस वर्गीकरण के तहत कुल 218 देशों में से 51 निम्न आय, 56 निम्न-मध्यम आय, 29 ऊपरी-मध्यम आय और 39 उच्च आय वाले देश थे।

### 2024 में 87 देश उच्च आय वाले थे

हालांकि वर्ष 2024 में प्रकाशित नवीनतम वर्गीकरण के तहत 26 देश निम्न आय, 50 निम्न-मध्यम आय, 54 उच्च-मध्यम आय और 87 उच्च आय वाले देश थे। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत को आजादी के बाद निम्न-मध्यम आय वाले वर्गीकरण से बाहर निकलने में 60 साल लग गए।

**वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर**

**विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय पर वर्गीकरण करता है**

**भारत को निम्न-मध्यम आय वर्ग से बाहर निकलने में 60 साल लग गए**

### 2030 तक 4000 डॉलर प्रति व्यक्ति होगी आय

रिपोर्ट कहती है, /"भारत अगले चार वर्षों में 2030 तक 4,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने की राह पर है जिससे वह उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और चीन एवं इंडोनेशिया के मौजूदा समूह का हिस्सा बन जाएगा।/ रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2047 तक भारत को उच्च-आय वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति जीएनआई को 7.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ाना होगा जो हासिल किया जा सकता है।



### अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत वर्ष 2028 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है जबकि 2035 तक यह 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब भी सबसे बड़ी है जबकि उसके बाद चीन का स्थान आता है। हालांकि भारत 2028 तक जर्मनी को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### 1962 में प्रति व्यक्ति आय 90 डॉलर थी

इसकी 1962 में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 90 डॉलर थी जो 2007 तक 910 डॉलर हो गई। इसके बाद भारत ने 2009 में प्रति व्यक्ति आय 1,000 डॉलर, 2019 में 2,000 डॉलर और 2026 तक 3,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल कर 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनने की दिशा में कदम रख दिया है।

### भारत 1990 में 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था

*भारत वर्ष 1990 में दुनिया की 14वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था लेकिन 2025 में उसने चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लिया। एसबीआई रिसर्च ने कहा, /"भारत को अपने सुधारों के कार्यक्रम को जारी रखना चाहिए ताकि वह अतिरिक्त और तेजी से होने वाली आर्थिक वृद्धि हासिल कर सके, जो इसे उच्च-आय वाले देश की श्रेणी तक पहुंचाने के लिए जरूरी है।/"*

### भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी

*रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी में औसतन 11-11.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि संभव है, जो देश को 2030 तक उच्च-मध्यम आय और 2047 तक उच्च आय वाले देश की श्रेणी में लाने में मददगार होगी।*

# शोध को बढ़ावा देने बजट में नीतिगत प्रोत्साहन मिले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ एमपीसी सदस्य नागेश ने सरकार से आरएंडडी पर ध्यान देने कहा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य नागेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सरकार को आगामी बजट में आरएंडडी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत प्रोत्साहन देना चाहिए और उद्योग के लिए दीर्घकालिक पूंजी सुनिश्चित करने हेतु एक संस्थागत कोष बनाना चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। कुमार ने कहा, ''विनिर्माण आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आम बजट 2026-27 में भारतीय कंपनियों की अपनी शोध एवं विकास (आरएंडडी) गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कुछ नीतिगत उपायों पर विचार करना चाहिए। इससे उनकी उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।'' नागेश कुमार ने कहा कि शोध, विकास और नवाचार (आरडीआई) तथा अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एएनआरएफ) हाल के समय में अपनाए गए महत्वपूर्ण उपाय हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन इन्हें कॉरपोरेट आरएंडडी गतिविधियों के प्रोत्साहनों के साथ पूरक बनाने की आवश्यकता है।'' एमपीसी सदस्य ने कहा कि आरएंडडी खर्च के लिए 200 प्रतिशत 'भारित कर कटौती' को बहाल करना ऐसी ही एक नीति हो सकती है।

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार फिसला



मुंबई (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा। कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था। वहीं, निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है। गैस उत्पादन में गिरावट और खुदरा कारोबार की कमजोरी ने अन्य क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन को संतुलित कर दिया।

**इंडिगो मामले में डीजीसीए की कार्रवाई बहुत मामूली (मुंबई) :** पायलट संगठन एफआईपी ने दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें बाधित होने के मामले में इंडिगो एयरलाइन पर विमानन नियामक डीजीसीए द्वारा लगाए गए 22.20 करोड़ रुपए के जुर्माने को 'बहुत ही मामूली' करार देते हुए सोमवार को इसकी कड़ी आलोचना की। भारतीय पायलट महासंघ (एफपीआई) ने कहा कि यात्रियों और विमानों की सुरक्षा से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जा सकता है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**THE REWARI CO-OP. MARKETING SOCIETY LTD.**
**Rewari-123401 (Haryana)**

**विज्ञापन**

दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि. रेवाड़ी में एक अस्थाई तौर पर सहायक लेखाकार कम कम्प्युटर आपरेटर की आवश्यकता है। यह नियुक्ति प्रबंधक कमेटी सदस्यों के द्वारा अनुभव व योग्यता के आधार पर दी जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा समिति कार्यालय में दिनांक 20-01-2026 से 27-01-2026 तक समिति के कार्य दिवस में जमा करवाएं। (दुकान नंबर 63, अनाज मंडी रेवाड़ी)

हस्ता/- प्रबंधक
दि रेवाड़ी सहकारी विपणन समिति लि., रेवाड़ी

**सूचना**

मैं, कैलाश पत्नी स्व. श्री धर्मपाल निवासी गांव बलियाणा तह. सापला जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक व पुत्रवधु पुजा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुदेश देवी आधार नं. (820026539670) पत्नी संदीप, निवासी गांव धनाना अलादादपुर तह. गोहाना जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मैं अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बेबी ऑफ सुदेश देवी से बदलकर सानवी करवाना चाहती हूं। उसकी जन्मतिथि 05.06.2018 और उसका आधार कार्ड नं. 298713621495 है। अपनी नाबालिग बेटी का नाम बदलने के बाद इससे संबंधित भविष्य में मेरे द्वारा किए गए किसी भी अवैध कार्य के लिए मैं स्वयं जिम्मेवार होंगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड रोहतक (वीटा) | दुग्ध संयंत्र, रोहतक के लिए दैनिक आधार पर और हमारे शीतलीकरण केन्द्र एमसीसी'एस (मातनहेल, जाटूसाना, नारनौल, भिवानी और सलेमपुर) के लिए कीट नियंत्रण सेवाओं की सेवाओं के लिए वार्षिक दर अनुबंध। | 20.01.2026 09.02.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | vitaindia@gmail.com | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42174/I/88/6 दि. 19.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | टाउन पार्क टोहाना में दिव्यांग व्यक्ति जोन का निर्माण। | 17.01.2026 27.01.2026 | अनुमानित राशि रु. 19.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930314172 mctohana1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42176/I/88/6 दि. 19.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाला लाजपत राय पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार (लुवास) | विभिन्न प्रकार के उपकरण/औजारों की खरीद (हिसार)। | 17.01.2026 06.02.2026 | रु. 110.26 लाख | www.luvas.edu.in | 01662289547 spo@luvas.edu.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42151/I/88/6 दि. 19.01.26

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### मुद्राकोष ने भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर किया 7.3%

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया जो अक्टूबर में जारी अनुमान से 0.7 प्रतिशत अंक अधिक है। वाशिंगटन स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने अपनी 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF **MS DEEPTI**
Civil Judge (Senior Division), Sonipat
**Geeta**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRSO02-002046-2024
Next Date : 11.03.2026
Sucction G5/2024

Prayed that in view of the above mentioned facts a sucession certified may please be issued if favour of the petitioner in the interest of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**India**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **11.03.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat**
**Sd/- Civil Judge (Senior Division), Sonipat**
Dated, this day of 19.01.2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**[धारा 82(2)(ii) Cr.P.C./ 84 BNSS देखिए]**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित उर्फ सोनू पुत्र वेद प्रकाश निवासी मकान नं. 36, गली नं. 08, गाँव/पोस्ट- बरवाला, दिल्ली** अन्य पताः **गांव टिटोली, जिला रोहतक, हरियाणा** ने केस ई-एफआईआर नं. **024681/21, अन्तर्गत धारा 411 आईपीसी, थाना महिन्द्रा पार्क, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित उर्फ सोनू** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस ई-एफआईआर नं. **024681/21, अन्तर्गत धारा 411 आईपीसी, थाना महिन्द्रा पार्क, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहित उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.03.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री अमरदीप कौर**
अति. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (उ.-प.)
कमरा नं. 117, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/746/NW/2026**
**(Court Matter)**

## शब्द पहेली - 6114




**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 6113 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | | अ | | त | र | ब | त | र |
| ल | | त | म | स | | ह | म | ला | | खै |
| क | श | | | ल | | ल | | | का | ल |
| | ही | | क | हा | नी | का | र | | र | |
| ब | द | मा | श | | र | | च | म | क | ना |
| | | | ल | क्ष | | सी | ना | | | |
| र | त | ज | गा | | आ | | का | म | या | ब |
| | र | | ना | ना | स | सु | र | | च | |
| य | ह | | | म | | य | | | क | म |
| ह | | त | ना | व | | पा | य | ल | | हु |
| त | ल | ब | गा | र | | न | | ब | ल | वा |



# गणतंत्र दिवस परेड में 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित

## कर्तव्य पथ पर दिखेगा जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप

आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड समारोह को देखने के लिए लगभग 10,000 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गगनयान, चंद्रयान जैसे इसरो अभियानों से जुड़े उत्कृष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आमंत्रित किए गए ये अतिथि देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें डीप ओशन मिशन, समस्थानिक अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, अटल टिंकरिंग लैब्स के उत्कृष्ट विद्यार्थी, किसान तथा 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रतिभागी शामिल हैं। आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना और योगदानकर्ताओं को सम्मानित करना है।




77वें गणतंत्र दिवस से पहले रिहर्सल करती 'डेयरडेविल्स' टीम

### किसान, पैरा एथलीट भी शामिल

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आमंत्रित अतिथियों में विश्व एथलेटिक्स पैरा चैंपियनशिप के विजेता, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, दलहन, तिलहन और मक्का उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम स्माइल योजना के अंतर्गत पुनर्वासित ट्रांसजेंडर और भिक्षावृत्ति से मुक्त नागरिक भी आमंत्रित किए गए हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लाभार्थी, ग्रामीण भारत में पशुपालन सेवाएं देने वाले प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ता तथा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी कंपनियों के प्रमुख भी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### महिला समूह, कारीगर को मिला सम्मान

महिला उत्पादक समूह, स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी, खादी विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और महिला कॉयर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम, बायो-ई3 नीति और एसआरआई फंड से जुड़े स्टार्ट-अप्स एवं एमएसएमई, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर्स और बीआरओ सहित अन्य निर्माण श्रमिक भी समारोह का हिस्सा होंगे।

**दिल्ली भ्रमण करवाएंगे:** सभी विशिष्ट अतिथियों के लिए कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थानों पर बैठने की व्यवस्था की गई है। उनके लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थलों के भ्रमण की भी व्यवस्था की गई है।

## बंगाल में 100 करोड़ से बनेगा राम मंदिर



**कोलकाता।** बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर में भी एक विशाल राम मंदिर के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। 'श्री कृतिवास राम मंदिर ट्रस्ट' द्वारा बनाए जाने वाले इस मंदिर की थीम 'बंगाली राम' रखी गई है। मंदिर की परिकल्पना 15वीं शताब्दी के महान कवि कृतिवास ओझा के सम्मान में की गई है, जिन्होंने संस्कृत रामायण का बंगाली अनुवाद किया था। 'श्री राम पांचाली' के रूप में किया था।

## डब्ल्यूईएफ की 56वीं वार्षिक बैठक

### स्विट्जरलैंड के दावोस में आर्थिक नीतियों पर मंथन बर्फ़ से ढके शहर में पांच दिन चर्चा करेंगे दिग्गज...

# एनएसए अजीत डोभाल, 4 केंद्रीय मंत्री समेत 6 सीएम होंगे शामिल, इनमें डॉ. मोहन यादव भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दावोस में शुरू हो रही वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में 23 जनवरी तक दावोस में दुनियाभर के नेता आर्थिक नीतियों और वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे।

भारत का प्रतिनिधित्व इस बैठक में बेहद मजबूत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू शामिल होंगे। इसके अलावा छह मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के डॉ. मोहन यादव, तेलंगाना के ए. रेवंत रेड्डी और झारखंड के हेमंत सोरेन बैठक में भाग लेंगे।

बर्फ से ढंकी दावोस की गलियों में दुनिया भर के शीर्ष कारोबारी और राजनीतिक नेता जुटे




दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री व अन्य अधिकारी

सम्मेलन में 130 से ज्यादा देशों के करीब 3,000 वैश्विक नेता हिस्सा ले रहे

### ये दिग्गज रखेंगे अपनी बात

दावोस बैठक के दौरान प्रमुख वैश्विक नेताओं के विशेष संबोधन भी होंगे। 20 जनवरी (मंगलवार) को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला शाम 7:30 बजे विशेष संबोधन और संवाद करेंगे। 21 जनवरी (बुधवार) को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 3:30 बजे भी विशेष सत्र को संबोधित कर सकते हैं।

*यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अंतरिक्ष जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे*

*मौजूदा वैश्विक संकटों के बीच दुनिया में सच और भरोसे की कमी, जिसके बिना सामूहिक समाधान संभव नहीं*

### वैश्विक सप्लाई चेन बड़े बदलाव की ओर

वैश्विक सप्लाई चेन अब संरचनात्मक अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर चुकी हैं, जिससे कंपनियां और सरकारें निवेश व उत्पादन की रणनीतियों पर दोबारा सोचने को मजबूर हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार चार में से तीन बिजनेस लीडर अब विकास के चालक के रूप में लचीलेपन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### दावोस मंच पर भारतीय युवाओं की मौजूदगी

यहां भारत से आए दो युवा भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। ये युवा भारत की जमीनी चुनौतियों से जुड़े समाधान दुनिया के सामने रख रहे हैं एक नागरिक समस्याओं के समाधान में जनता और प्रशासन के सहयोग की बात कर रहा है, तो दूसरा ब्लू-कॉलर सेक्टर के लिए आसान बाजार पहुंच पर काम कर रहा है। इनमें से एक हैं 22 वर्षीय ईशान प्रताप सिंह, जो एक सिविक एंटरप्रेन्योर हैं और कोऑपरेशन17 नामक वैश्विक सोशल स्टार्टअप के संस्थापक और चेयरमैन हैं।

## पीड़िता के पिता की मौत मामले में सेंगर की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज हो गई है। यह फैसला हाईकोर्ट की ओर से सुनाया गया है।



यह याचिका कुलदीप सेंगर की उस अपील के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के मामले में अपनी सजा को चुनौती दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सेंगर ने जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने इस मामले का अवलोकन किया।

## करूर भगदड़ मामला सीबीआई ने विजय से की छह घंटे तक पूछताछ

**नई दिल्ली(न्यूज)।** सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कषगम प्रमुख विजय से सोमवार को यहां एजेंसी मुख्यालय में लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। विजय को आगे की कोई समन जारी नहीं किया गया है। पूछताछ के बाद विजय शाम को लगभग पांच बजे अपनी एसयूवी से सीबीआई मुख्यालय से बाहर आए, गाड़ी से उतरे, हाथ हिलाकर समर्थकों एवं मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया और फिर वापस होटल के लिए रवाना हो गए।

## बेंगलुरु राज्य निर्वाचन आयोग का फैसला

# निकाय चुनाव बैलेट से होंगे, जिला और पंचायत चुनाव भी इसी तरह

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) जीएस संगरेशी ने सोमवार को कहा कि वृहद बेंगलुरु प्राधिकरण (जीबीए) के अंतर्गत आने वाले पांच नगर निगमों के चुनाव 25 मई के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाए मतपत्रों के माध्यम से होंगे। संगरेशी ने यह भी कहा कि इस साल के अंत में प्रस्तावित जिला और तालुक पंचायत चुनाव भी मतपत्रों के माध्यम से ही कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद, 25 मई के बाद चुनाव होने की संभावना है।



### अमेरिका भी मतपत्रों का इस्तेमाल कर रहा

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देश भी मतपत्रों का इस्तेमाल करते हैं और देश में भी विधानसभा व लोकसभा चुनावों को छोड़कर ग्राम पंचायत व सहकारी समितियों के अधिकांश चुनाव मतपत्रों से होते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछली बार 2015 में बेंगलुरु नगर निगम के चुनाव ईवीएम से हुए थे।

## पंजाबी युवती की कनाडा में हत्या

**जालंधर(एजेंसी)।** पंजाब की युवती अमनप्रीत की कनाडा में उसके दोस्त मनप्रीत ने हत्या कर दी, क्योंकि उसने शादी से इनकार कर दिया था। मनप्रीत चाहता था कि वह कनाडा में बस जाए, और उसने हत्या के बाद भारत में शरण ली। युवती को कनाडा की नागरिकता मिली हुई थी। अमनप्रीत का घर संगरूर की प्रेम बस्ती में है। अपना नर्सिंग कोर्स पूरा करने के बाद 2020 में कनाडा गई। अमनप्रीत मिडिल क्लास फैमिली से थी।



परिवार ने लोन लेकर बेटी को विदेश भेजा था। संगरूर पुलिस ने कनाडा में एक लड़की की हत्या करके भागे आरोपी को गिरफ्तार किया है। संगरूर के एसएसपी ने बताया कि 20 अक्तूबर 2025 को कनाडा में एक लड़की की हत्या हुई थी, जिसे संगरूर पुलिस ने सुलझा लिया है। आरोपी मनप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं हत्या का आरोपी यूपी के लखीमपुर का रहने वाला मनप्रीत 2022 में कनाडा गया था।

## नगर निगम उठा रहा कदम

# दिल्ली में करीब 25 हजार कुत्तों पर लगेगी माइक्रोचिप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आगामी बजट में आवारा कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण के लिए लगभग 35 करोड़ रुपए का प्रावधान करेगा। माइक्रोचिप लगाने की प्रक्रिया में किसी जानवर की त्वचा के नीचे एक एकीकृत चिप लगाई जाती है, जिसके जरिए उसके टीकाकरण का रिकॉर्ड, स्थान और पहचान जैसी जानकारियां दर्ज की जाती हैं।

नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि यह बजटीय प्रावधान दिल्ली में आवारा कुत्तों की आबादी के बेहतर प्रबंधन के लिए किया जा रहा है, जो सार्वजनिक सुरक्षा और पशु इस राशि में से 20 करोड़ नगर निगम सीधे खर्च करेगा, जबकि शेष 15 करोड़ पशु कल्याण के क्षेत्र में काम करने का अनुभव रखने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ साझेदारी के माध्यम से खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने अगले 2-3 महीनों में दिल्ली में कम से कम 25,000 कुत्तों पर माइक्रोचिप लगाने और टीकाकरण का लक्ष्य भी तय किया है। एक माइक्रोचिप की लागत लगभग 300 रुपए होगी।



माइक्रोचिप में टीकाकरण का रिकॉर्ड स्थान और पहचान जैसी अहम जानकारियां दर्ज की जा सकेंगी

## इंदौर का करोड़पति भिखारी

# तीन मकान, कार और ऑटो का मालिक व्यापारियों को भी देता है ब्याज पर रुपये



**इंदौर।** सराफा बाजार में वर्षों से भीख मांग रहा मांगीलाल असल में करोड़ों की संपत्ति का मालिक निकला। यह खुलासा तब हुआ, जब महिला एवं बाल विकास विभाग ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत उसे रेस्क्यू किया। प्रशासन ने मांगीलाल को उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेज दिया है। यहां आश्रम के संचालक सुधीर भाई गोयल मांगीलाल की देखरेख में लगे हैं। वहीं उसकी संपत्ति, बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है। उन सराफा व्यापारियों से भी बात की जाएगी जो मांगीलाल से पैसा उधार लेतथे। मांगीलाल सराफा की गलियों में लकड़ी की फिसलने वाली गाड़ी, पीठ पर बैग और हाथ में जूते के सहारे लोगों की सहानुभूति लेता था। वह किसी से सीधे तौर पर भीख नहीं मांगता था, बल्कि लोगों के पास जाकर खड़ा हो जाता था, जिसके बाद लोग स्वयं उसे पैसे दे देते थे। पूछताछ में सामने आया कि वह प्रतिदिन करीब 500 से 1000 रुपए तक की आमदनी कर रहा था। पूछताछ के दौरान मांगीलाल ने स्वीकार किया कि भीख से मिलने वाले पैसों का उपयोग वह सराफा क्षेत्र के कुछ व्यापारियों को ब्याज पर कर्ज देने में करता था। वह एक दिन और एक सप्ताह के लिए रुपए देता था और रोजाना ब्याज की वसूली के लिए सराफा क्षेत्र में आता था।

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) | |
|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | अधिकतम |
| उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 40 | 50 |
| उप उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 36 | 44 |
| सहायक उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 32 | 40 |
| वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएक्स) | 3 | 28 | 37 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)**

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| उप प्रबंधक (यूआई और यूएक्स) | एमएमजीएस-II | 6 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→"Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 16.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## इंजीनियर युवराज की मौत का मामला

# योगी ने नोएडा सीईओ को हटाया जांच के लिए एसआईटी भी गठित

**नई दिल्ली।** नोएडा में इंजीनियर युवराज की मौत मामले में योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। योगी सरकार ने नोएडा के सीईओ डॉ लोकेश एम को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया है. साथ ही योगी सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया है।

सीएम के निर्देश पर घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय एसआईटी गठित हुई है। मंडलायुक्त मेरठ के नेतृत्व में गठित हुई एसआईटी में एडीजी जोन मेरठ व चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी भी शामिल है। एसआईटी 5 दिनों में जांच कर रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी। स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन भी किया।





एसआईटी 5 दिनों में जांच कर रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के सीएम को सौंपेगी

जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने रविवार को इस घटना पर संज्ञान लेते हुए सड़क पर ब्लिंकर और संकेतक नहीं लगे होने की शिकायत पर यातायात प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके अलावा क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता नवीन कुमार की सेवाएं तत्काल समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं।

### नोएडा सेक्टर 150 में हुआ था दर्दनाक हादसा

मालूम हो कि 16 जनवरी को गुरुग्राम स्थित ऑफिस से अपने घर नोएडा सेक्टर 150 जा रहे इंजीनियर युवराज मेहता की कार पानी से भरे बेसमेंट में गिर गया था। उस रात घना कोहरा था। उन्हें कोहरे के कारण कुछ दिखा नहीं और कोई वजह थी लेकिन उनका संतुलन बिगड़ा। कार सड़क किनारे बनी दीवार को तोड़कर एक मॉल के निर्माणाधीन बेसमेंट में जा घुसी। बेसमेंट में पानी भरा हुआ था उसमें कार डूब गई। वह मदद के लिए करीब 80 मिनट तक गुहार लगाता रहा।



## चिंतन

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : ईसी की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी

लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया पर टिकी होती है। मतदाता सूची इस प्रक्रिया की आत्मा है, क्योंकि यही तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश इसी लोकतांत्रिक मूल भावना की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है। अदालत ने न केवल चुनाव आयोग को पारदर्शिता का पाठ पढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों को भी केंद्र में रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध या गड़बड़ी वाले लगभग 1.25 करोड़ नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न केवल प्रक्रिया को खुला और जवाबदेह बनाता है, बल्कि उन नागरिकों को भी जानकारी देता है, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हटे या संदिग्ध पाए गए। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का आधार है। जब आंकड़े और सूचनाएं सार्वजनिक होंगी, तो आशंकाओं और अफवाहों को स्वतः विराम लग जाएगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने का आदेश इस संदेह को दूर करने और प्रक्रिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अदालत ने साफ कहा कि जांच पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह टिप्पणी केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चुनाव आयोग के रवैये पर भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। अक्सर देखा गया है कि दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों या प्रशासनिक सख्ती के कारण गरीब, प्रवासी मजदूर, बुजुर्ग और युवा मतदाता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सुनिश्चित करता है कि जांच का उद्देश्य सुधार हो, न कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना। फैसले का एक और अहम पहलू यह है कि बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया गया है। जिन लोगों के नाम कट गए थे, उनके लिए यह आदेश एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह संदेश भी देता है कि कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया नागरिक के मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। दसवीं कक्षा के एडमिट कार्ड को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मान्य दस्तावेज मानने का निर्देश लाखों लोगों को राहत देगा। देश में बड़ी आबादी ऐसी है जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य पारंपरिक पहचान दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इस फैसले से खासतौर पर युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आंकड़े सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हों। इससे पहले भी अदालत पारदर्शिता पर जोर देती रही है। बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर के बाद मतदाता सूची को सार्वजनिक किया गया था, जिससे न केवल विवाद कम हुए बल्कि जनता का भरोसा भी बढ़ा। वही, अनुभव बंगाल में भी दोहराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह फैसला चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने वाला है।

# जाली करंसी से अर्थव्यवस्था को चोट



आर्थिक चुनौतियां
रोहित माहेश्वरी

> नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन में हैं। छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्केट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात के सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाले एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है। बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपये के नोट तैयार करता था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैल रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं।

सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711 एमपीसी पर आ गई। केंद्रीय



बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कैशलेस सोसायटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। कैशलेस लेन-देन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेन-देन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिए जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिए नकली करंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं। नकली नोटों के चलन को रोकने में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता का अभाव है। शहरों में तो थोड़ी बहुत जागरूकता दिखती है, पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर नकली नोटों के सौदागर अपना लक्ष्य आसानी से पूरा कर लेते हैं। जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोटों का बढ़ना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है। नकली नोटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी, और जागरूकता अभियान जरूरी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सोनम लववंशी



# उबलती चाय, जलते हाथ और ठहाके लगाता समाज!

देश ने चाय से आजादी पाई थी, अब चाय से दोस्ती साबित कर रहा है। सोशल मीडिया का ताजा आविष्कार उबलती चाय हाथों पर डालो और बताओ कि यार कितने पक्के हैं। शायद अगला चरण आग में कूदकर रिश्तेदारी नापने का होगा। कभी दोस्ती का मतलब होता था साथ बैठकर चाय पीना। आज मतलब है चाय सहना। फर्क बस इतना है कि पहले जलन दिल में होती थी, अब हथेलियों पर दिखाई देती है। और कैमरा ऑन हो तो दर्द भी देशभक्ति जैसा पवित्र हो जाता है। यह ट्रेंड बताता है कि हमारे समय में विवेक कोई आंतरिक गुण नहीं, बल्कि वैकल्पिक सुविधा है जिसे रील बनाते वक्त बंद किया जा सकता है। दोस्ती अब भावनात्मक रिश्ता नहीं, कंटेंट है। जितना ज्यादा जोखिम, उतना ज्यादा रिच। अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ, तो बोनस व्यूज। असली समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अपने हाथ जला रहे हैं। असली समस्या यह है कि बाकी लोग कह रहे हैं कि 'भाई, गजब ट्रेंड है।' यही वह क्षण है जहां समाज ताली बजाते हुए अपनी समझ को चुपचाप दफन कर देता है। हम पहले ही ऐसे समाज में रहते हैं जहां हिंसा रोमांच है और जोखिम बहादुरी। सड़क पर स्टंट, रिश्तों में सहनशीलता और सोशल मीडिया पर मूर्खता सबको अलग-अलग नाम देकर वैध बना दिया गया है। अब जलना भी एक्सप्रेशन है। महिलाओं के लिए यह ट्रेंड कोई नई कहानी नहीं सुनाता, बस पुरानी सोच को नए फिल्टर में परोसता है। सहना आज भी 'अच्छी लड़की' की पहचान है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह परीक्षा ससुराल में नहीं, इंस्टाग्राम पर ली जा रही है। इंकार आज भी खराब लगता है, जलना अब भी स्वाभाविक। अगर दोस्ती सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण-सुदामा की मित्रता आज के ट्रेंड में फेल हो जाती। न कोई स्टंट, न कोई वीडियो, न कोई सबूत। सिर्फ भरोसा। शायद इसी वजह से वह मित्रता इतिहास में बची रह गई और आज तो दोस्तियां 24 घंटे में ही गुम हो जाती हैं। सबसे डरावनी बात यह नहीं कि लोग उबलती चाय डाल रहे हैं। डरावना यह है कि समाज क्यों पूछ नहीं रहा। जब सवाल पूछना बोरिंग और तालियां बजाना आसान हो जाए, तब समझ लीजिए कि जलन केवल हाथों में नहीं, सोच में फैल चुकी है। दोस्ती का मतलब सुरक्षा होता है। लेकिन जब रिश्ते लोकप्रियता के लिए खतरे में डाले जाएं, तो उसे दोस्ती नहीं भीड़ के सामने किया गया असफल अभिनय कहते हैं। आज अगर हमने इसे 'मजाक' कहकर छोड़ दिया, तो कल कोई और उबलता प्रयोग तैयार खड़ा होगा। और तब भी हम कहेंगे 'ट्रेंड तो चल रहा था।' कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि वायरल चैलेंज की वजह से 2020 के बाद खतरनाक चोटें दोगुनी हो गई हैं, और 'ब्लैकआउट चैलेंज' जैसी गतिविधियों में 20 से अधिक बच्चों की मौतें हुई हैं। हालिया घटना में, एक किशोरी के चेहरे और हाथों पर जलने के निशान रह गए, सिर्फ इसलिए कि उसने 'फायर चैलेंज' में भाग लिया। यही डेटा बताता है कि यह सिर्फ स्टंट नहीं है, यह सोशल मीडिया की मानसिकता है। दर्द और जोखिम को रोमांच और लोकप्रियता का लेबल दे दिया गया है। महिला दृष्टि से यह मामला और गहरा है। इतिहास में सहनशीलता और धैर्य को स्त्रियों की शक्ति माना गया। आज वही सहनशीलता शारीरिक परीक्षा और डिजिटल चैलेंज के रूप में सामने आ रही है। 'ना' कहना अब भी कठिन है, 'सहना' अब भी आदर्श। जब समाज ने इसे स्वीकार्य मान लिया, तो यह सिर्फ व्यक्तिगत मूर्खता नहीं, सामूहिक समस्या बन जाती है। सोशल मीडिया पर दिखावे की दोस्ती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मित्रता अब भावनात्मक विश्वास की नहीं, बल्कि दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु है। अगर मित्रता सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श के रूप में याद रखी जाती। वहां न कोई स्टंट था, न कोई कैमरा, था तो केवल भरोसा और सम्मान। आज का ट्रेंड उसी मूल भावना का मजाक है। दोस्ती का मतलब अब सुरक्षा और सम्मान नहीं, कंटेंट बनाना हो गया है। हाथ जलता है तो जले, कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि व्यूज मिल गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 में इंटरनेट पर वायरल खतरनाक चैलेंज में 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावितों में किशोरियां और युवा महिलाएं हैं। उसकी वजह केवल ट्रेंड की खोज नहीं, बल्कि यह भी है कि समाज में सहनशीलता को 'गुण' मानने की मानसिकता अब डिजिटल मंच पर भी हावी है। दोस्ती, जो कभी विश्वास और समय की कसौटी पर परखी जाती थी, अब फ्रेम, रील और व्यूज की कसौटी पर आ गई है। और समाज, जो कभी सवाल पूछता था, अब केवल देख रहा है। यह स्थिति न केवल हाथों को जला रही है, हमारे सामाजिक विवेक को भी धीरे-धीरे भस्म कर रही दोस्ती का अर्थ सुरक्षा, सम्मान और साथी की रक्षा है, न कि लोकप्रियता के लिए जोखिम में डालना। अगर आज हम चुप रह गए, तो कल कोई और ट्रेंड हाथों और विवेक दोनों को जला देगा। और तब भी हम कहेंगे 'सोशल मीडिया है, चलता है।'

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
## दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
## प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है मौन

18 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई गई। हमारी देवभाषा संस्कृत में मौनी का एक अर्थ मौन भी होता है। सनातन धर्म में बहुत से त्योहार, पर्व, वर्त और अन्य बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनका धार्मिक महत्व तो बहुत होता है, इसी के साथ-साथ यह विज्ञान की दृष्टि में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इनसे हमारा तन, मन और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। मौनी अमावस्या पर साधु-संतों और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से पूजा अर्चना की। इनमें से बहुतों ने इस दिन मौन व्रत भी रखा। विद्वान कहते हैं कि मौन व्रत से हमारा तन, मन और आत्मा शुद्ध होती है और हवन करने से पर्यावरण भी साफ होता है। मौन से हमारी वो ऊर्जा बेवजह बर्बाद होने से बचती है जो हम बेकार और फालतू बातों के लिए बर्बाद करते हैं। *- पंकज पटेल, भाटापारा*

## ट्रेंड

### यूएई से मज़बूत दोस्ती



अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा दिखाती है कि वह भारत-यूएई की मज़बूत दोस्ती को कितनी अहमियत देते हैं। हमारी बातचीत का इंतज़ार है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पार्वती गिरि को नमन




महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी पार्वती गिरि जी की 100वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अहम भूमिका निभाई थी। पार्वती जी का त्याग-राष्ट्रप्रेम प्रेरणास्रोत है।
-अमित शाह, गृहमंत्री

### संघर्ष करते तो बनते महान



देशभर में ऐसे लोगों को देखते हैं जो किसी बात पर विश्वास तो करते हैं, लेकिन कहने का साहस नहीं रखते लेकिन महान राष्ट्र चुप्पी से नहीं बनते। जब वे विचार खुलकर रखते हैं उसके लिए संघर्ष करते हैं तब व महान बनते हैं। - राहुल गांधी. कांग्रेस सांसद

### हार्दिक शुभकामनाएं



कोकबोरोक दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर कोकबोरोक का जश्न मनाता है - यह एक प्राचीन, सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्वदेशी भाषा है जो सदियों से बोली जाती रही है, और यह भारत की विविधता और साझा मूल्यों की समृद्धि को उजागर करती है।-
- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर


# एआई बॉट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं

दुनिया के पहले सोशल मीडिया आधारित 'वॉरगेम' से यह खुलासा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित बॉट न केवल बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैला सकते हैं, बल्कि संगठित तरीके से चुनावी नतीजों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आयी है, जब वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और डीपफेक सामग्री को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई बॉट एआई पर आधारित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने, सवालों के जवाब देने और काम करने में सक्षम होता है। रिपोर्ट में 14 दिसंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया गया है, जिसमें 15 नागरिकों और एक हमलावर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, जब देश सदमे में था, सोशल मीडिया पर एआई की मदद से तैयार की गई भ्रामक सामग्री तेजी से फैलने लगी। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिंस का छेड़छाड़ करके तैयार किया गया एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि हमलावरों में से एक भारतीय नागरिक था। इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक कथित 'नायक' का महिमामंडन किया गया।




## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत के सामने टी-20 सीरीज में न्यूजीलैंड की चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम को इसी टीम के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज 21 से 31 जनवरी तक खेली जानी है। वनडे सीरीज गंवाने के बाद टी20 सीरीज जीतना भारतीय टीम के लिए बड़ी चुनौती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज विश्व कप से ठीक पहले है।

भारत विश्व कप का सह-मेजबान है। ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज जीत भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारतीय टीम अपनी धरती पर और वो भी टी20 फॉर्मेट में काफी मजबूत है। हालांकि न्यूजीलैंड के प्रदर्शन को देखते हुए उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए टी20 सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है।



**टी20 सीरीज का शेड्यूल**

टी20 सीरीज के शेड्यूल पर गौर करें तो पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर में, दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी में, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**टीम इंडिया**
सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 के लिए), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड**
मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कोनवे, बेवन जेकब्स, टिम रॉबिनसन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैक फॉक्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, जेकब डफी, काइल जेमीसन, ईश सोढ़ी और मैट हेनरी।

# नाईक के अर्धशतक से आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को 61 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



गौतमी नाईक के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सोमवार को गुजरात जाइंट्स को 61 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग में अपना अपराजेय अभियान बरकरार रखा। आरसीबी की टूर्नामेंट में यह लगातार पांचवीं जीत थी। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आरसीबी ने छह विकेट पर 178 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। शीर्ष पर काबिज आरसीबी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पहले ओवर में ग्रेस हैरिस और दूसरे ओवर में जॉर्जिया वोल पवेलियन लौट गए जब स्कोर नौ रन ही था लेकिन इसके बाद नाईक ने पारी को संभाला। जवाब में गुजरात की टीम शुरू ही से दबाव में रही और सातवें ओवर में 34 रन के स्कोर पर उसके चार विकेट गिर गए। बेथ मूनी, सोफी डेवाइन, अनुष्का शर्मा और कनिका आहूजा पवेलियन लौट चुकी थीं। काशवी गौतम और जॉर्जिया वेयरहैम भी टिक नहीं सकीं। कप्तान एशले गार्डनर ने 43 गेंद में 54 रन बनाये लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। गार्डनर ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा लेकिन उनकी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। आरसीबी की गेंदबाज सयाली सतघारे ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 21 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि नडाइन डि क्लेर्क को दो विकेट मिले।

## खबर संक्षेप



### साइना नेहवाल ने बैडमिंटन से संन्यास की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने प्रतिस्पर्धी खेल से संन्यास की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर अब एलीट खेल की मांगों के अनुरूप उनका साथ नहीं दे रहा है। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2023 सिंगापुर ओपन में खेला था । उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा ,'' मैने दो साल पहले ही खेलना छोड़ दिया था । मुझे लगा कि मैंने अपनी शर्तों पर खेलना शुरू किया और अपनी शर्तों पर ही विदा लूंगी तो घोषणा करने की जरूरत ही नहीं थी ।'' उन्होंने कहा ,'' अगर आप और खेलने में सक्षम नहीं हैं तो कोई बात नहीं ।''

### भगत और कदम ने जीते पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19-21, 21-15, 21-13 से जीता। एसएल 4 पुरुष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27-25, 21-18 से मात दी। दोनों ने पुरुष युगल में उमेश और सूर्यकांत को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### 25 जनवरी से पहली कबड्डी चैंपियंस लीग

**नई दिल्ली।** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारुप में किया जाएगा, जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी जोकोविच की 100वीं जीत

*फ्रेंच ओपन और विम्बल्डन में भी कर चुके हैं ऐसा*

*स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया*

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न



नोवाक जोकोविच ने सोमवार को पेड्रो मार्टिनेज को आस्ट्रेलियन ओपन के अपने पहले मैच में 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ ली। ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह उनकी 100वीं जीत है। 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश में जुटे इस सर्बियन खिलाड़ी के पास फ्रेंच ओपन और विम्बल्डन में भी 100 जीत पहले से हैं और अमेरिकी ओपन में 100 जीत से वे सिर्फ 5 जीत दूर हैं। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'क्या कह सकता हूं? मुझे यह सुनना अच्छा लगता है। सेंचुरियन कहलाना बहुत अच्छा लगता है। यह एक शानदार एहसास है। इतिहास रचना मेरे लिए बड़ी प्रेरणा रही है, खासकर मेरे करियर के पिछले 5-10 वर्षों में। जब मुझे एहसास हुआ कि मैं इतिहास रचने की स्थिति में हूं तो मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए खुद को और प्रेरित किया और यही मैंने किया है। करियर की शुरुआत में मुझे भाग्य से अच्छे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया कि लंबी दौड़ का खिलाड़ी कैसे बनना है। जल्दी थकना नहीं है, शरीर और दिमाग का ध्यान रखना है और करियर लंबा बनाना है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि आज भी इस स्तर पर खेल पा रहा हूं और यहां एक और जीत मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसी है।' मार्टिनेज का पहली बार मुकाबला कर रहे जोकोविच ने मुश्किल शुरुआत को एक ब्रेक हासिल कर आसानी से काबू में कर लिया और पहले सेट पर पकड़ बनाए रखी।

### मेदवेदेव ने जोंग को हराया

पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था।

### नोवाक ने दिखाया की दमखम अभी बाकी है

नवंबर में एथेंस में अपना 101वां करियर खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला मैच था, लेकिन जोकोविच की लय में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने शानदार क्रॉस-कोर्ट विनर लगाया और दूसरे सेट को भी आसानी से अपने नाम किया। जहां अधिकतर ध्यान मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और वर्ल्ड नंबर वन कार्लोस अल्काराज पर केंद्रित रहा है, वहीं जोकोविच ने तीसरे सेट में बेहतरीन टेनिस दिखाकर यह याद दिलाया कि वह अब भी सबसे बड़े दावेदारों में से एक हैं। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित तौर पर मेरा पसंदीदा कोर्ट है, इस कोर्ट ने मुझे बहुत कुछ दिया है।'

## 113वीं रैंकिंग की सोनमज ने किया उलटफेर रूस की एकातेरिना को तीन सेट में हराया



**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। तुर्की की 113वीं रैंकिंग की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान सोनमज ने बाल गर्ल की मदद की और चर्चा का विषय बनीं।

### डबल फॉल्ट की समस्या से जूझी कोको

गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था।

### मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के बाद छाई जेनेप



तुर्की की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने वाली पहली तुर्किश महिला खिलाड़ी बन गई हैं। 113वीं रैंकिंग की टेनिस खलिाड़ी के जबरदस्त खेल की चर्चा हर तरफ हो रही है, मगर वो इससे ज्यादा तो मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के लिए छाई हुई हैं। दरअसल सोनमज पहला सेट जीतकर दूसरे सेट अपने नाम मुकाबला जीतने के लिए जब जोर लगा रही थी, तभी एक बॉल गर्ल बेहोश हो गई, जिसकी मदद के लिए उन्होंने दौड़ लगाई।

**फुटबॉल**

# सेनेगल का अफ्रीका कप पर कब्जा, मोरक्को को हराया



एजेंसी ▶▶| रबात

सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे। फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की।



### विरोध में मैदान से बाहर चले गए सेनेगल के खिलाड़ी

यही नहीं सेनेगल के खिलाड़ी दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी के फैसले के विरोध में मैदान से बाहर चले गए थे। यह स्पष्ट नहीं था कि खेल जारी रह पाएगा या नहीं क्योंकि प्रशंसक सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए थे। इसके कारण 14 मिनट तक खेल नहीं हो पाया था। खेल शुरू होने पर सेनेगल के एडुआर्ड मेंडी ने ब्राहिम डियाज़ की पेनल्टी को आसानी से बचा लिया। इसके बाद गुये ने अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में विजयी गोल दागा। मोरक्को की पराजय के कारण 69,500 दर्शकों की क्षमता वाला प्रिंस मौले अब्देललाह स्टेडियम अंतिम सीटी बजते ही खाली होने लग गया था। सेनेगल के खिलाड़ियों को ट्रॉफी उठाते हुए देखने के लिए बहुत कम लोग बचे थे। सेनेगल ने दूसरी बार अफ्रीका कप जीता। इससे पहले वह 2021 में चैंपियन बना था।

**टाटा स्टील मास्टर्स**

## आर प्रज्ञाननंदा नहीं खोल पाए खाता, गुकेश ने फिर खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी



गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा।

### एरिगैसी ने दूसरी बाजी खेली ड्रॉ

एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली। वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में खेल रहे चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमुस के साथ ड्रॉ खेला और इस तरह उन्होंने भी संभावित दो अंकों में से एक अंक हासिल कर लिया है। प्रतियोगिता में अभी तीन खिलाड़ी आगे चल रहे हैं जबकि नौ खिलाड़ी आधे अंक के अंतर से उनके पीछे हैं।

## भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलो या बाहर हो आईसीसी की बीसीबी को दो टूक

*नई दिल्ली। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या 7 फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के सूत्र ने कहा,' बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है।*

# इंडोनेशिया मास्टर्स : अच्छा प्रदर्शन करने पर भारतीय खिलाड़ियों की निगाह

**आज से शुरू 5 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी स्पर्धा**

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

### लक्ष्य सेन की भिड़ंत सिंगापुर के तेह से

पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा।



### सिंधू करेंगी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। सिंधू को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से होगा। उन्नति हुडा पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई का सामना करेंगी जबकि मालविका बंसोड का मुकाबला कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा।

## मंत्रालय ने इंडिया ओपन में अव्यवस्था के बाद साइ से सुधार के लिये कहा

**नई दिल्ली।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन में हुई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अधिकारियों से मुलाकात कर 'सुधार के उपाय' करने के लिये कहा ताकि भविष्य में फिर ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो। समझा जाता है कि खेलमंत्री ने स्टेडियम प्रशासकों के साथ बैठक की जो टूर्नामेंट के दौरान मौजूद नहीं थे। उनसे पिछले सप्ताह टूर्नामेंट में अव्यवस्था के लिये सफाई मांगी गई। भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी के लिये भी यह साल बहुत महत्वपूर्ण है और ऐसे में इस चूक से स्थिति बिगड़ सकती है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता का खराब स्तर तो नियंत्रण में नहीं है लेकिन मैचों के दौरान कबूतर के कोर्ट पर बीट करने, दर्शक दीर्घा में बंदर की मौजूदगी, वॉशरूम और अभ्यास के स्थलों पर स्वच्छता के अभाव जैसी घटनाओं पर साइ को स्पष्टीकरण देना होगा। एक जानकार सूत्र ने कहा ,'' खेलमंत्री ने इस पर गौर किया है और साइ अगले कुछ दिन में सुधार के उपायों का ब्यौरा देगा।''

**रोमांचक मुकाबले में वर्ल्ड गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य को 6-3 से हराया**

# पंकज आडवाणी ने जीता राष्ट्रीय सीनियर स्नूकर खिताब

- 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पंकज आडवाणी को ट्रॉफी देती चेयरपर्सन शैलजा जून व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

शहर की एचएल सिटी में चल रही 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के सीनियर पुरुष स्नूकर फाइनल में 28 बार के विश्व चैंपियन पद्म भूषण पंकज आडवाणी ने वर्ल्ड गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट आदित्य मेहता को रोमांचक मुकाबले में हराकर खिताब जीत लिया। एचएल सिटी एवं शाइनिंग स्टार बैडमिंटन अकादमी की चेयरपर्सन शैलजा जून, मुस्कान जून और अर्जुन नारंग ने विजेता पंकज आडवाणी को ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती दो फ्रेम बांटकर स्कोर 1–1 किया। इसके बाद आडवाणी ने शानदार फॉर्म दिखाते हुए लगातार तीन फ्रेम जीते, जिसमें एक बेहतरीन 133 का ब्रेक भी शामिल था और 15 मिनट के ब्रेक से पहले 4–1 की बढ़त बना ली।

### ब्रेक के बाद आदित्य की शानदार वापसी

ब्रेक के बाद आदित्य मेहता ने शानदार वापसी की और लगातार दो फ्रेम जीतकर अंतर 4–3 कर दिया।

ऐसा लग रहा था कि मेहता मैच में वापसी कर सकते हैं, लेकिन निर्णायक क्षणों में आडवाणी ने एक बार फिर नियंत्रण हासिल किया और अगले दो फ्रेम जीतते हुए मुकाबला 6–3 से अपने नाम किया तथा प्रतिष्ठित सीनियर राष्ट्रीय स्नूकर खिताब पर कब्जा जमाया। आडवाणी का यह खिताब उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों की सूची में एक और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ताज जोड़ता है, जबकि मेहता के संघर्षपूर्ण खेल और निरंतरता ने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इस अवसर पर बीएसएफआई उपाध्यक्ष विजय गोयल, टूर्नामेंट डायरेक्टर मनमीत भाटिया, देवभूमि बिलियड्र्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के सचिव पंकज कुकरेजा, भारतीय क्यू स्पोर्ट्स टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच अशोक शांडिल्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### लद्दाख में 5.7 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के



कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके दिन में 11:51 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 171 किलोमीटर की गहराई में 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। अभी तक भूकंप से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति की कोई सूचना नहीं है।

### स्पेन में दो ट्रेनों की टक्कर, 39 की मौत

**बार्सिलोना।** दक्षिण स्पेन में एक तेज रफ्तार रेलगाड़ी के पटरी से उतर कर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य रेलगाड़ी से टकरा जाने से कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मीडिया को मिली जानकार के अनुसार एक रेलगाड़ी में लगभग 300 यात्री सवार थे। वह स्थानीय समयानुसार शाम 7:45 बजे कॉर्डोबा के पास पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर चढ़ गई और मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएल्वा जा रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। इस रेलगाड़ी में लगभग 200 यात्री सवार थे।

### काबुल में धमाका, 7 लोगों की मौत

**काबुल।** सोमवार को काबुल के शहर-ए-नवा जिले में हुए धमाके में कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए. टोलोन्यूज के



अनुसार, इस हमले का निशाना चीनी नागरिक थे। बता दें कि यह धमाका गुलफरोशी स्ट्रीट पर एक होटल में हुआ, जो एक चीनी रेस्टोरेंट के पास है। यह इलाका आमतौर पर अफगान राजधानी के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है और यहां कई विदेशी रहते हैं। इस घटना की पुष्टि तालिबान अधिकारियों ने की है, लेकिन उन्होंने मरने वालों की आधिकारिक संख्या जारी नहीं की है।

## नॉर्वे पीएम को ट्रंप की चिट्ठी हुई लीक!

# मुझे नोबेल नहीं दिया, अब शांति की जिम्मेदारी मेरी नहीं: ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री को जमकर सुनाया है। नोबेल पुरस्कार न मिलने से नाराज ट्रंप ने कहा कि आठ युद्ध रुकवाने के बाद भी नॉर्वे ने उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया। इसलिए अब वह वैश्विक शांति के बारे में सोचने के लिए बाध्य।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अब अपने अगले शिखर तक पहुंचता नजर आ रहा है।

इस बार की नोबेल विजेता मचाडो ने भले ही उन्हें अपना नोबेल पदक सौंप दिया हो, लेकिन इसके बाद भी ट्रंप का नॉर्वे की नोबेल समिति को लेकर गुस्सा कम नहीं हुआ है। उन्होंने नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को एक पत्र लिखकर कहा है कि अब, जबकि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया है, तो वह केवल शांति के बारे में सोचने की जरूरत महसूस नहीं करते हैं।

*ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अपने शिखर पर*

*नोबेल समिति को लेकर भड़के डोनाल्ड*

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्र में पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया



डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्टोरे को लिखे एक पत्र में उन्हें नोबेल पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया। इतना ही नहीं उन्होंने नोबेल समिति में नॉर्वे सरकार की भूमिका को अपनी विदेश नीति से भी जोड़ा। उन्होंने लिखा, आपके देश ने मुझे 8 से अधिक युद्धों को रोकने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार न देने का निर्णय लिया, इसलिए अब मुझे केवल शांति के बारे में सोचने की कोई बाध्यता महसूस नहीं होती, हालांकि शांति हमेशा सर्वोपरि रहेगी, लेकिन अब मैं इस बारे में सोच सकता हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए क्या अच्छा और उचित है।

### डेनमार्क, चीन और रूस की शक्तियों से ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकते: ट्रंप

ट्रंप ने आगे ग्रीनलैंड पर डेनमार्क की संप्रभुता पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि न तो डेनमार्क और न ही मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाएं इस क्षेत्र को प्रमुख शक्तियों से बचा सकती हैं। उन्होंने कहा, डेनमार्क अकेले चीन और रूस जैसी शक्तियों से ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। वैसे भी उसके पास ग्रीनलैंड के स्वामित्व का कोई अधिकार क्यों है? उनके पास कोई लिखित दस्तावेज नहीं है।

### अमेरिका के लिए कुछ करे नाटो

नाटो में अमेरिका की भूमिका पर बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया, नाटो की स्थापना के बाद से अमेरिका ने किसी भी अन्य देश की तुलना में इसके लिए अधिक काम किया है, और अब नाटो को भी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूर्ण नियंत्रण नहीं हो जाता, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं रहेगी।

## विदेशमंत्री जयशंकर की पोलैंड के डिप्टी पीएम को दो टूक

# हमारे पड़ोस में आतंकवाद और आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा और मदद न दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पौलेंड के डिप्टी पीएम से कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अच्छी तरह परिचित हैं और क्रॉस बार्डर टेररिज्म की चुनौतियों से भलीभांति वाकिफ हैं। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए और अपने पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।*

दिल्ली में पोलैंड के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की के साथ बैठक के दौरान ने एस जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर उनके रुख पर कड़ी आपत्ति जताई है। पोलैंड विदेश मंत्री के पाकिस्तान को समर्थन देने के बयान पर एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी अपनी बातें रखीं।

1. जयशंकर ने भारत को रूस-यूक्रेन विवाद के नाम पर अनुचित और चुनिंदा तरीके से निशाना बनाए जाने पर आपत्ति जताई
2. *विदेशमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने और पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद में समर्थन न देने की चेतावनी दी*



विदेश मंत्री, एस जयशंकर, राडोस्लाव सिकोरस्की पोलैंड के विदेशमंत्री

### आप सीमा पार आतंकवाद की समस्या से परिचित

भारत ने राडोस्लाव सिकोरस्की से कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने में मदद न करें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हाल ही में न्यूयॉर्क और पेरिस में मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके नतीजों पर अपने विचार खुलकर शेयर किए हैं। ऐसा करते हुए मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भारत को चुन-चुनकर निशाना बनाना गलत और अन्यायपूर्ण है, मैं आज फिर यही कह रहा हूं। आप इस क्षेत्र से अनजान नहीं हैं और सीमा पार आतंकवाद की पुरानी समस्या से परिचित हैं।

### पोलैंड के विदेश मंत्री : मैं आपसे पूरी तरह सहमत

एस जयशंकर की बातों पर सहमति जताते हुए पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने कहा, 'मैं सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने की जरूरत पर आपसे पूरी तरह सहमत हूं। जैसा कि आपने सुना होगा, पोलैंड हाल ही में आगजनी और राज्य प्रायोजित आतंकवाद दोनों का शिकार हुआ है, जब पोलैंड की रेलवे लाइन को उड़ा दिया गया था। हालांकि आतंकवादियों की नाकामी के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

### पोलैंड ने पाक के साथ साझा बयान में कश्मीर का किया था जिक्र

*पोलैंड विदेश मंत्री ने अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान के साथ जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया था। बयान में कहा गया था, 'पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर और पोलैंड ने यूक्रेन युद्ध पर अपना पक्ष रखा। भारत ने तब इसकी निंदा की थी और अब पैलेंड के विदेश मंत्री के सामने ये मद्दा उठाया।*

### पोलैंड ने टैरिफ को लेकर भारत के रुख का समर्थन किया

पोलैंड ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका खास देशों को को टैरिफ के जरिए टारगेट कर रहा है। रादोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा, टैरिफ के जरिए चुनिंदा देशों को निशाना बनाने वाले आपके बयान से मैं पूरी तरह सहमत हूं. हमें डर है कि यह ग्लोबल ट्रेड में उथल-पुथल का रूप ले रहा है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि यूरोप को उम्मीद है कि भारत इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा। उन्होंने कहा हमने देखा है कि आप यूरोप में हर जगह दूतावास स्थापित कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि आप यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को लेकर गंभीर हैं।

## व्हाइट हाउस के अधिकारी का खुलासा

# ईरान पर हो सकता था हमला, मीटिंग के बाद ट्रंप ने रोकने का फैसला किया



बेंजामिन नेतन्याहू | डोनाल्ड ट्रंप | अली ख़ामेनेई

**वॉशिंगटन।** ईरान पर बुधवार को अमेरिकी हमला होने वाला था। सुरक्षा के लिहाज से कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस अल उदैद को अमेरिकी सेनाओं ने खाली करना शुरू कर दिया था। बहरीन से अमेरिकी नेवी की पांचवीं फ्लीट को खाली कर दिया गया था। ईरानी सरकार को यकीन था कि अमेरिका हमला करने वाला है और उसने अपना एयरस्पेस बंद करने का नोटिस जारी कर दिया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, यह नकली या कोई चाल नहीं थी।

### बचाव करने को तैयार नहीं इजराइल: ट्रंप

ट्रंप से कहा कि इजराइल ईरान के संभावित जवाबी हमले से खुद का बचाव करने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए क्योंकि अमेरिका के पास इस क्षेत्र में इतने लाव-लश्कर नहीं हैं कि वह इजराइल को ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में मदद कर सके। नेतन्याहू के सलाहकार ने कहा कि नेतन्याहू को लगा कि मौजूदा अमेरिकी प्लान काफी मजबूत नहीं है।

## यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बना रहा जर्मनी दिखेगी भारत के 'अग्निवीर' मॉडल की झलक

**बर्लिन।** जर्मनी दूसरे विश्वयुद्ध के बाद एक बार फिर से यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बनाने लगा है। जर्मनी में अब 18 साल की उम्र से ज्यादा के हर एक युवक को जर्मनी के ने कानून के मुताबिक आर्मी में शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि ये वॉलंटरी है, लेकिन यह कानून सरकार को वर्ल्ड वॉर -2 के बाद पहली बार यूरोप की सबसे मजबूत आर्मी बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए अनिवार्य सर्विस शुरू करने की इजाजत देता है। पिछले साल जर्मनी के पास एक्टिव ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की संख्या 184,000 थी, जो मई के मुकाबले 2500 ज्यादा है।

उस दौरान जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने पहली बार संसद में कहा था कि सेना, या बुंडेसवेहर, को यूरोप की सबसे मजबूत पारंपरिक सेना बनने की जरूरत है।



## भाजपा ने नबीन को चुना राष्ट्रीय अध्यक्ष

# युवा नेतृत्व का 'उदय'

भाजपा के नवागत अध्यक्ष नितिन नबीन की नियुक्ति भाजपा के भीतर एक बड़े 'जेनरेशन शिफ्ट' का प्रतीक माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में भाजपा अब उन मतदाताओं से सीधे जुड़ने की तैयारी में है, जिनकी आयु 35 वर्ष से कम है। नबीन के अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा की नई केंद्रीय टीम में अधिकांश चेहरे 55 वर्ष से कम आयु के होने की पूरी संभावना है। यह ऊर्जा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा रण के लिए और अधिक गतिशील बनाएगी। वे एक ऐसे नेता हैं जो तकनीक और डेटा के महत्व को समझते हैं। उनके 'राज' में भाजपा का प्रचार तंत्र और अधिक डिजिटल और एआई आधारित होने की उम्मीद है। संघ की पृष्ठभूमि और प्रखर हिंदुत्व की सोच रखने वाले नबीन, भाजपा के वैचारिक आधार को और मजबूत करेंगे, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच सकता है। उनके कार्यकाल की पहली परीक्षा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल,असम और पुद्दूचेरी राज्यों के विधानसभा चुनावों में होगी। विशेष रूप से दक्षिण भारत में कमल खिलाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, महिला आरक्षण का क्रियान्वयन और परिसीमन जैसे जटिल मुद्दों पर पार्टी को एकजुट रखना उनके नेतृत्व की असली परीक्षा लेगा।



### मां ने खुद चुनाव में उतरने की जगह दी कमान

2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे नवीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे। भाजपा ने नितिन नवीन को अपने पिता की विरासत संभालेंगे के लिए कहा। लेकिन, शुरू में नितिन नहीं मानें। उनकी मां मीरा सिन्हा ने उन्हें समझाया तो वह मान गए। नितिन चुनावी मैदान में पटना पश्चिम उतरे। उपचुनाव में वह पहली बार जीते। इसके बाद से जो जीत का सिलसिला शुरू हुआ, वह जारी है।

### पैराशूटर नहीं ग्रास रूटर हैं नबीन

नितिन नबीन का उदय किसी 'पैराशूट लैंडिंग' का परिणाम नहीं है। 45 वर्षीय नबीन का राजनीतिक सफर संघर्ष और धैर्य की मिसाल है। 2006 में अपने पिता, दिग्गज नेता नवीन किशोर सिन्हा के निधन के बाद राजनीति में आए नितिन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पटना की बांकीपुर सीट से लगातार पांच बार विधायक बनना उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है। उन्होंने छात्र राजनीति (एबीवीपी) और युवा मोर्चा में तपकर संगठन की बारीकियों को सीखा। छत्तीसगढ़ और सिक्किम जैसे राज्यों में प्रभारी के रूप में उनकी चुनावी सफलता ने यह साबित कर दिया कि वे केवल बिहार के नेता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के कुशल रणनीतिकार हैं।

### पहले अध्यक्ष बने अटल के नेतृत्व में 2 सीटें जीतीं, फिर अडवाणी ने बागडोर संभाली थीं

जपा के अस्तित्व में आने के साथ ही इसके संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी के पहले अध्यक्ष बने थे। 1980 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा और उसे सिर्फ दो ही सीटें मिलीं। हालांकि, भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार की वजह से 1985 में



भाजपा को काडर आधारित पार्टी घोषित कर दिया गया और 1986 में इसका नया अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को बनाया गया।

### भाजपा को फायदा मिलने की 5 वजह

1. युवा वोट बैंक से जुड़ाव
2. पूर्वी भारत और बिहार में मजबूती
3. कठिन चुनावी क्षेत्रों में 'स्पेशलिस्ट'
4. संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल
5. क्रेडिबिलिटी (विश्वसनीयता)

### नाम नितिन नबीन, लेकिन अंग्रेजी में Nitin Nabin चलन की वजह

चुनाव आयोग के शपथ पत्र में भी वह अपना नाम हिंदी में नितिन नवीन लिखते हैं। हस्ताक्षर में भी स्पष्ट तौर पर हिंदी का ही नाम नितिन नवीन दिखता है। अंग्रेजी में हर जगह Nitin Nabin लिखा गया है। हर सोशल मीडिया खाते से लेकर ईमेल आईडी तक में यही लिखा है। इसलिए, अंग्रेजी में नितिन नबीन और हिंदी में वह नितिन नवीन हैं।

### अब तक के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

| अध्यक्ष का नाम | कार्यकाल |
|---|---|
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1980 – 1986 |
| लालकृष्ण आडवाणी | 1986 – 1990 |
| डॉ. मुरली मनोहर जोशी | 1991 – 1993 |
| लालकृष्ण आडवाणी (दूसरी बार) | 1993 – 1998 |
| कुशाभाऊ ठाकरे | 1998 – 2000 |
| बंगारू लक्ष्मण | 2000 – 2001 |
| के. जना कृष्णमूर्ति | 2001 – 2002 |
| एम. वेंकैया नायडू | 2002 – 2004 |
| लालकृष्ण आडवाणी (तीसरी बार) | 2004 – 2005 |
| राजनाथ सिंह | 2005 – 2009 |
| नितिन गडकरी | 2010 – 2013 |
| राजनाथ सिंह (दूसरी बार) | 2013 – 2014 |
| अमित शाह | 2014 – 2020 |
| जगत प्रकाश नड्डा | 2020 – 2026 |
| नितिन नबीन | 19 जनवरी 26 से |

### अध्यक्ष के रूप में 3 बड़ी चुनौतियां

**2026 के विधानसभा चुनाव**

1 बंगाल में ममता बेनर्जी के गढ़ को भेदना और दक्षिण भारत (तमिलनाडु व केरल) में पार्टी का विस्तार करना उनकी पहली बड़ी अग्निपरीक्षा होगी।

**पीढ़ीगत बदलाव**

2 पार्टी में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और युवाओं के जोश के बीच संतुलन बनाए रखना उनके लिए एक नाजुक काम हो सकता है।

**2029 का रोडमैप**

3 विकसित भारत के संकल्प के साथ 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए एक अभेद्य किला तैयार करना दीर्घकालिक लक्ष्य है।

### नए अध्यक्ष की 3 बड़ी खूबियां

**1**

**राष्ट्रीय नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम**
नितिन 45 वर्ष की आयु में भाजपा के इतिहास के इतिहास में सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इससे देश के युवाओं को भरोसे में लेना आसान होगा। और ये हुनर नितिन नबीन के के पास है।

**2**

**चुनावी राजनीति में 'अपराजित' रिकॉर्ड**
लगातार 5 बार विधायक: नितिन नबीन 2006 (उपचुनाव), 2010, 2015, 2020 और हाल ही में 2025 में पटना की बांकीपुर सीट (पहले पटना पश्चिम) से लगातार पांचवीं बार विधायक चुने गए हैं।

**3**

**कुशल संगठनकर्ता**
उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रभारी के रूप में काम किया, जहां 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत में उनकी रणनीतिक भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28